नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 > पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम 2082

WATCH GOD WATCHDOG


वर्ष 80, संख्या 14 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



ईरान ने अचानक बंद किया अपना एयरस्पेस

▶ देखें अंदर



ED रेड में 'बाधा' पर बंगाल सरकार को नोटिस

▶ देखें अंदर





एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*

कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Delhi.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero- 7836078484, Janak Puri: Singla Hero- 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310. Authorised Dealers: Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63- Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124- Uppal Hero- 9289922462, Sector-58 C-70- Singla Hero- 9289923059; Buland Shahar: Shri Durga Hero- Delhi Road, 9289922504, RajeBabu Road- Krishna Hero- 9289922410. Authorised Dealers: Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

FCB/INTERFACE/0429/JANUARY26/HINDI

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 01-15-2026 22:00 Color:


# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । शुक्रवार, 16 जनवरी 2026


> नौकरशाही में अधिकार और जिम्मेदारियां स्पष्ट न हों, तो विभागों के बीच टकराव पैदा होता है और इससे शासन व्यवस्था ठप पड़ सकती है- *मैक्स वेबर, जर्मन समाजशास्त्री*

## टकराव पर सवाल

पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC के यहां छापेमारी मामला वैसे तो अभी सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा है, लेकिन कोर्ट की अब तक की कार्यवाही भी काफी कुछ कहती है। इससे इतना संकेत जरूर मिलता है कि दोनों में से किसी भी पक्ष को पूरी तरह पाक-साफ कहना मुश्किल है।

**गंभीर आरोप ।** इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पुलिस को ईडी के खिलाफ दर्ज केस में जांच करने से रोक दिया है और राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। ईडी ने सीएम ममता बनर्जी और राज्य पुलिस पर जांच में दखल देने और सबूतों की चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी तरफ ममता का आरोप है कि I-PAC के पास तृणमूल कांग्रेस का डेटा था और ईडी को इसकी जानकारी थी।


ईडी बनाम बंगाल पुलिस

**संवैधानिक प्रतिबद्धता ।** अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 3 फरवरी की तारीख तय की है। जाहिर है, आरोपों की सच्चाई जानने के लिए हमें अदालती फैसले का इंतजार करना होगा लेकिन जिस तरह से यह मामला अभी तक चला है, उससे लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज की भूमिका को लेकर सवाल तो उठते ही हैं। राजनीति में आरोप लगना-लगाना सामान्य बात है, लेकिन दो एजेंसियों - ईडी और राज्य पुलिस का यूं आमने-सामने आ जाना गंभीर मसला है। सही हो या गलत, उनके कामकाज के अंदाज से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि वे इस या उस राजनीतिक दल के प्रभाव में हैं।

**घेरे में दोनों पक्ष ।** अगर सवाल पुलिस के दखल का है, तो घेरे में ईडी के एक्शन की टाइमिंग भी है। अदालत में भी इस पॉइंट को उठाया गया, कि जिस कोल स्कैम की जांच ईडी कर रही है, उसमें आखिरी बयान फरवरी 2024 में दर्ज किया गया था। इतने लंबे गैप के बाद अब कार्रवाई क्यों? बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, तो यह पूछा जाना स्वाभाविक है।

**सुधार की गुंजाइश ।** आंकड़ों को देखा जाए तो पिछले साल मार्च में सरकार ने संसद में बताया था कि 10 बरसों में राजनेताओं के खिलाफ ईडी ने 193 केस दर्ज किए और सजा मिली सिर्फ 2 में! वहीं, पिछले साल मई में ही एक मौके पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी रही कि केंद्रीय एजेंसी संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। हालांकि ऐसे किसी खास मामले के आधार पर किसी केंद्रीय एजेंसी के बारे में कोई अंतिम राय बना लेना ठीक नहीं होगा, लेकिन इसमें शक नहीं कि ईडी को भी अपनी कार्यशैली में सुधार पर विचार करने की जरूरत है।


### तिराहा

## धनात् धर्मः !

कंपकपाती ठंड में पतित पावनी में डुबकी लगा सुधर्मा कुछ कदम ही चली थीं कि रेत रज से पट गईं। रेत सुधर्मा की आस्था से विह्वल हो उनके आलिंगन को नहीं आई थी, अपितु वर्जित क्षेत्र में नव पट्टाभिषेकी के विदेशी वाहन की अनियंत्रित गति की उपज थी। 'संत की चरण रज है, स्नान सफल हुआ,' सुखनंदन ने स्थिति संभाली। 'घंटा चरण रज! ये वाहन रज है, रोज सड़कों पर मिलती है। इतनी विलासिता! इससे अच्छा गृहस्थ हो जाते', सुधर्मा आग बबूला थीं।


प्रेम शंकर मिश्र

'प्रिये! सिद्धांत कहता है, सन्मार्ग वितिन संतः यानी संत वह जो सन्मार्ग पर चले। व्यवहार कहता है, सन्मार्ग वह जिस पर सक्षम चले। जिसे तुम विलासिता कह रही हो, यह तो सत्य का प्रयोग है। जिसे हम मायाजाल या भौकाल कहते हैं, वह तो भक्तों को भाव से जोड़ने का एक मार्ग भर है। जिसे तुम कोस रही हो, उसका संघर्ष समझो। आसक्ति की चाशनी में डूब कर विरक्ति का पकवान बनाने के लिए कितना समन्वय करना पड़ता होगा। वैसे भी हमारे यहां कहा गया है, धनात् धर्म!'



'दान का दर्शन भी यही कहता है - सुपात्रदानात् च भवेत् धनाढ्यो। कुपात्र दानात् च भवेत् दरिद्रो। अतः उद्योगपति कुपात्र कर्मचारियों के वेतन पर धन का अपव्यय करने के स्थान पर सीएम, पीएम कोष, पार्टी फंड, 'पहुंचे' वेशधारियों को दान देते हैं। इससे कृपा, प्रतिष्ठा, छूट व सानिध्य लाभ होता है, जो अंततः सुख का कारक होता है। धनात् धर्मः तद् सुखम् - परलोक की राह यह भले न दिखा पाएं, पर इहलोक की हर सत्ता या सत्ता के लालसाधारी की राह इनसे होकर गुजरती है।' रेत झाड़ते हुए सुखनंदन ने समझाया।


'फिर आसक्ति व विरक्ति में अंतर कहां?' 'नहीं सुदरी, यह हमारी संकुचित दृष्टि व वैचारिक दरिद्रता है। बाबाधारी तो 'तेन त्यक्तेन भुंजीथा' अर्थात त्याग के साथ उपभोग का मंत्र जीते हैं। उनके आशीर्वाद से किसी को 300 करोड़ का लाभ हुआ, तो उसने आस्था वश तीन करोड़ का वाहन दान कर दिया। इसमें बाबा की लालसा कहां, यह तो शिष्य की भावना है। भावना का निरादर पाप है।'

### एकदा

संकलन : दिलीप लाल

## संवेदना से साहित्य

शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची साहित्यिक साधना केवल कल्पना से नहीं, बल्कि जीवन को बहुत पास से देखने और जीने से जन्म लेती है। 13 वर्षों (1906-1919) तक वह बर्मा (म्यांमार) में रहे। रंगून और पेगु में उन्होंने कई नौकरियां कीं। बाद में बर्मा लोक निर्माण लेखा कार्यालय में काम मिला। उनका ज्यादा समय रंगून के उन इलाकों में बीता, जहां मेहनतकश मिस्त्री और कारीगर रहते थे। वह उनके बीच केवल लेखक नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद साथी की तरह रहते थे। इसी दौर में उन्होंने बर्नार्ड फ्री लाइब्रेरी से समाजशास्त्र, दर्शन, मनोविज्ञान और राजनीति जैसी गंभीर विषयों की पुस्तकें पढ़ीं। 1912 में जब उनका लकड़ी का घर जल गया और 'चरित्रहीन' की पांडुलिपि सहित सब कुछ नष्ट हो गया, तब भी वह टूटे नहीं, उसे उन्होंने दोबारा लिखा। 1913-14 में पत्रिका जमुना के लिए लिखी एक कहानी ने उन्हें रातों-रात प्रसिद्ध कर दिया। 16 जनवरी 1938 को कलकत्ता में लीवर कैंसर से शरत चंद्र का निधन हो गया, लेकिन उनका साहित्य आज भी सिखाता है कि सच्चा लेखक वही है, जो सत्ता नहीं, संवेदना के पक्ष में खड़ा हो।

Subrata Dhar


### नियमों के सख़्ती से पालन बिना न ट्रैफिक सुधरेगा, न गिग वर्कर्स की स्थिति

# सिर्फ़ टैगलाइन बदलेगी, हालात नहीं


अनुपम मनुर

AI Image


भारत में समय की पाबंदी लोगों की सहूलियत के हिसाब से चलती है। ऐसे में हैरानी की बात है कि पूरा देश इस समय 10 मिनट में ग्रोसरी डिलिवरी की बहस में उलझा हुआ है। सरकार ने क्विक कॉमर्स कंपनियों से कहा है कि वे अपने विज्ञापनों में '10 मिनट डिलिवरी' की टैगलाइन इस्तेमाल न करें। यह जानकर अच्छा लगा कि देश अचानक से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो गया है, वरना आमतौर पर यह कोई मुद्दा ही नहीं है। लेकिन, हकीकत यह है कि मार्केटिंग में बदलाव करने से जमीनी स्तर पर बदलाव नहीं आने वाला।

**जवाबदेही की कमी ।** 10 मिनट में डिलिवरी का वादा केवल मार्केटिंग का तरीका है। इसमें कोई कानूनी प्रतिबद्धता नहीं है और न ही ग्राहकों के प्रति जवाबदेही। डोमिनो ने 30 मिनट में डिलिवरी या फ्री का वादा किया था। वहां पता था कि समय पर सामान नहीं मिलने पर क्या होगा, लेकिन 10 मिनट वाले केस में ऐसा कुछ नहीं है।

**मार्केटिंग का खेल ।** हां, ऐसी टैगलाइन कंपनियों पर दबाव जरूर बनाती हैं, क्योंकि ग्राहक एक तय समय-सीमा में डिलिवरी की उम्मीद करने लगते हैं। लेकिन, एक बार जब ग्राहकों की उम्मीदें एक खास टाइम लिमिट से जुड़ चुकी हैं, तब टैगलाइन बदलने से ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए। मार्केटिंग डिपार्टमेंट इसी तरह की दूसरी लाइन दे सकते हैं, जैसे - 'आपकी चाय ठंडी होने के पहले डिलिवरी' या फिर 'एड ब्रेक खत्म होने के पहले आपके दरवाजे पर'।

**डेटा का उपयोग ।** अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी का वादा इस तरह पूरा नहीं किया जाता कि एजेंट पूरे शहर में तेज रफ्तार से दौड़ते रहें या लंबी दूरी तय करें। इसके पीछे है डेटा का समझदारी से इस्तेमाल, कम लागत वाला श्रम और घनी आबादी वाले इलाकों में छोटे गोदाम। क्विक कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों की मांग को देखकर उन्हीं इलाकों में डार्क स्टोर खोलती हैं, जहां से डिलिवरी आसान हो।

> **10 मिनट डिलिवरी वाली बहस**
> - केवल डिलिवरी एजेंट ही ट्रैफिक नियम नहीं तोड़ते
> - गिग वर्क की प्रकृति के कारण जल्दी में होते हैं एजेंट
> - ग्राहकों को जल्दी डिलिवरी की उम्मीद अब भी रहेगी

**समय का दबाव ।** एल्गोरिदम के स्तर पर देखा जाए, तो ग्राहकों को कभी 10 मिनट का तय समय नहीं दिखाया जाता। डार्क स्टोर की दूरी, ट्रैफिक, दिन का समय, मौसम और राइडर की उपलब्धता के हिसाब से यह बदलता रहता है। सबसे अहम बात यह है कि राइडर्स को वह समय नहीं दिखता, जिसका वादा ग्राहकों से किया गया है यानी उन पर डेडलाइन पूरा करने का दबाव नहीं होता।

**काम की प्रकृति ।** डिलिवरी बॉय अगर जल्दबाजी में दिखते हैं, तो इसकी वजह गिग वर्क की प्रकृति है। इस काम में डिलिवरी के हिसाब से भुगतान मिलता है। जितनी जल्दी एक डिलिवरी पूरी होगी, उतनी ही जल्दी राइडर दूसरी डिलिवरी ले पाएगा। अब वादा चाहे 10 मिनट का हो या आधे घंटे का, जब काम की प्रकृति नहीं बदली तो व्यवहार कैसे बदल जाएगा।

**सेक्टर की जिम्मेदारी ।** दूसरे देशों के मुकाबले भारत में गिग वर्कर्स की स्थिति काफी अलग है। यहां इस काम को फ्रीलांस नहीं, बल्कि कमाई का मुख्य जरिया माना जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं पैदा कर पाई, लेकिन इसकी पूरी जिम्मेदारी एक सेक्टर पर डालना ठीक नहीं। यह बात सही है कि देश के युवा बड़ी संख्या में ऐसे काम कर रहे हैं, जिसमें आगे बढ़ने का रास्ता नहीं है। इसे आदर्श स्थिति नहीं मान सकते, लेकिन विकसित देशों की तरह श्रम मानक लागू करने की मांग भी सही नहीं है।

**बदहाल ट्रैफिक ।** भारत में ट्रैफिक नियम तोड़ना आम समस्या है। पुलिसवाले तक रॉन्ग साइड गाड़ी चलाते दिख जाते हैं। नियमों का पालन कराने की व्यवस्था कमजोर है। अब राइडर्स चूंकि खास ड्रेस पहनते हैं, तो वह पहचान में आ जाते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि केवल वही नियम तोड़ रहे हैं। और यह मान लेना भी गलत होगा कि '10 मिनट' न कहने से अब वे ट्रैफिक नियमों का पालन करने लगेंगे।

**कंपनियों से मांग ।** हमारी मांग यह होनी चाहिए कि देरी से डिलिवरी पर क्या पेनाल्टी होगी, कंपनियां बताएं। वे अपने राइडर्स को ट्रैक करती हैं, तो उनको ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें। कंपनियों को बताना चाहिए कि कितने डिलिवरी एजेंट सड़क हादसों का शिकार होते हैं। इससे पता चलेगा कि क्या उनमें हादसों की दर ज्यादा है।

**सरकार को छूट ।** फर्मों से टैगलाइन हटाने को कहना आसान सरकारी कदम है। इससे सरकार को ज्यादा मुश्किल काम से छूट मिल जाती है, मसलन - नियमों को सख्ती से लागू करना, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार या पुलिस की जवाबदेही तय करना। इससे एक खतरा भी है - कहीं स्लोगन हटाकर यह न मान लिया जाए कि समस्या खत्म हो गई।

*(लेखक बेंगलुरु के तक्षशिला इंस्टिट्यूशन में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं)*

# LGBTQ+ विषयों की किताबें भी ख़ूब बिक रहीं


राम त्रिपाठी

ई-बुक के आने से प्रिंटेड साहित्य और किताबों के भविष्य पर खतरे की आशंका बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि परंपरागत किताबों के पाठक कम हो गए हैं। इसलिए, अब प्रकाशन समूह भी नए जमाने के पाठकों को साधने के लिए उनके पसंदीदा विषयों पर जोर दे रहे हैं। Gen-Z पाठकों को किताबों से जोड़ने के लिए भी प्रकाशक नए तौर-तरीके आजमा रहे हैं।

**दौर बरकरार ।** राजकमल प्रकाशन के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक माहेश्वरी इससे इत्तेफाक नहीं रखते। उन्हें लगता है कि छपी किताबों का रुतबा बरकरार है। प्रिंट की दुनिया कभी खत्म होने वाली नहीं है। लेकिन, वाणी प्रकाशन की CEO अदिति माहेश्वरी बताती हैं कि कोरोना के समय ई-बुक की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा था। मगर, अब पाठक दोबारा किताबें खरीदने लगे हैं।

**प्रिंट प्रामाणिक ।** प्रिंट की मजबूती का कारण पूछने पर अशोक बताते हैं कि प्रिंट भरोसेमंद है। खबर सच है या नहीं यह आज भी अखबार से ही पता चलता है। नए जमाने की किताबों पर अदिति बताती हैं कि आज कहानियों के अलावा साहित्य की मांग है। लोगों की दिलचस्पी इतिहास, समाजशास्त्र और जीवनी पढ़ने में है। LGBTQ+ विषयों से जुड़ी किताबें भी खूब बिक रही हैं।

**सांस्कृतिक समझ ।** कहा जा रहा है कि कहानी, कविता के साहित्य के प्रति पाठकों का उत्साह घट रहा है। लेकिन अशोक के मुताबिक, अब जीवन से जुड़े विषयों को लोग खूब पढ़ रहे हैं।

### कॉमन रूम

AI Image


लोग आत्मकथा, जीवनी, संस्मरण पसंद कर रहे हैं। वहीं, अदिति का कहना है कि पाठक अब सांस्कृतिक समझ बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए, वे ऐसी किताबें पसंद कर रहे, जिनसे उन्हें अन्य संस्कृतियों के बारे में जानकारी मिले।

**नए लेखक बने पसंद ।** Gen-Z पाठकों की बात करें तो उन्हें नए लेखकों की किताबें पसंद आ रही हैं। अशोक का कहना है कि उन्हें जीवन से जुड़ी ऐसी सामग्री चाहिए, जिसे वह खुद के साथ जोड़ सकें। इसके अलावा, नए जमाने के पाठकों को करियर ग्रोथ और मेंटल स्टेबिलिटी वाली किताबें ज्यादा पसंद आती हैं। हिंदी में अनुवाद किए गए दूसरी भाषा के उपन्यास की भी खूब बिक्री होती है।

**AI का दौर ।** पिछले 5-6 वर्षों में साहित्य में आए बदलावों पर करीबी नजर रखने वाले अशोक माहेश्वरी का कहना है कि अब कविताएं भी अलग तरीके से लिखी जा रही हैं। इसके अलावा, बिक्री बढ़ाने के लिए नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। प्रकाशन समूह भी AI ला रहे हैं। AI के साथ साहित्य में प्रयोग किए गए हैं। ये पाठकों को रास आ रहे हैं। लेकिन, मौलिक साहित्य को इससे बचाने की जरूरत है।



## अहंकार के कारण श्रीकृष्ण को नहीं पहचान पाया दुर्योधन

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जयति गोयल

**जिसका मन** निर्मल है, उसके लिए हर नदी, हर कूप और हर तालाब का पानी गंगाजल के समान पवित्र है। हम कृष्ण और राम के चरित्र की कथाएं तो बड़े प्रेम से सुनते हैं, पर यह देखने का साहस कम ही करते हैं कि उनकी दी हुई सीख को अपने जीवन में कितना उतार पाए। दिन भर झूठ, फरेब और स्वार्थ में उलझे रहने के बाद शाम को मंदिर जाकर कुछ पत्र-पुष्प भगवान को अर्पित कर देते हैं, चौखट पर मत्था टेककर क्षमा मांग लेते हैं और संतुष्ट हो जाते हैं। भजन-कीर्तन करते हैं और यह मान लेते हैं कि हम भक्त हो गए।

बेशक इन सबका अपना महत्व है, पर प्रश्न है- पूजा जब ईश्वर की करनी है, तो कर्म अपने स्वार्थ के लिए क्यों? संतुलित दृष्टि से देखें तो कर्म के प्रति निष्ठा, आचरण की पवित्रता और पूजा-पाठ - तीनों का अपना महत्व है। हमारे शास्त्रों में कर्मकांड भी किन्हीं निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही निर्धारित किए गए हैं। लेकिन बिना अपेक्षा के कर्म की भी बात की गई है।


AI Image


संसार में ईश्वर जब हर जगह है, तो केवल मंदिरों, पूजा-घरों या धार्मिक आयोजनों में हम क्यों भटक रहे हैं? जब हमारा प्रत्येक कर्म ईमानदारी और करुणा से भरा होता है, तब वही कर्म पूजा बन जाता है। और जब कर्म ही पूजा बन जाए, तब मंदिर और प्रयोगशाला, दोनों में कोई भेद नहीं रह जाता।

गीता के प्रसंग में देखें तो अर्जुन और दुर्योधन, दो भिन्न प्रकृतियों के प्रतीक हैं। अर्जुन संवेदना, करुणा और सरलता का प्रतीक है, जबकि दुर्योधन लोभ, अहंकार और अंधे मोह में डूबा हुआ है - इतना कि भगवान सामने होते हुए भी उन्हें पहचान नहीं पाता। स्पष्ट है कि जहां मन निर्मल नहीं, वहां न राम टिक सकते हैं, न कृष्ण।

इसलिए जिनका मन निर्मल है, उन्हें ईश्वर को खोजने के लिए न तीर्थों की यात्रा करनी पड़ती है और न गंगा में डुबकी लगाने, न मंदिरों में भटकने की जरूरत होती है। ईश्वर वहीं प्रकट हो जाता है, जहां मन निर्मल और कर्म पवित्र होता है।

### कांटे की बात



उद्धव ठाकरे, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख

### सप्ताह की शख़्सियत

## ट्रंप को चुनौती देने वाले फ्रेडरिक कौन

*ग्रीनलैंड को अमेरिका खरीदना चाहता है, पर वहां के पीएम जेंस फ्रेडरिक नील्सन का कहना है कि हम बिकाऊ नहीं और चुनने की नौबत आई, तो डेनमार्क को चुनेंगे। इससे खफा डॉनल्ड ट्रंप पूछ रहे - ये फ्रेडरिक कौन है? आइए जानते हैं :*



**सबसे युवा प्रधानमंत्री**

**पिछले साल** अप्रैल में जब जेंस फ्रेडरिक नील्सन ने सत्ता संभाली, तब उनकी उम्र केवल 34 साल थी। वह ग्रीनलैंड के सबसे युवा पीएम हैं, लेकिन विचारों से उतने ही परिपक्व। इससे पहले उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री रह चुके हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रीनलैंड में सोशल साइंस की पढ़ाई के दौरान ही वह सामाजिक मुद्दों से जुड़ गए थे। पढ़ाई के बाद Democrats party के सदस्य बने।

**अमेरिका पर रुख**

**ग्रीनलैंड की** जिस खनिज संपदा पर ट्रंप की नजर है, उस पर नील्सन छात्र राजनीति के दौर से बात करते रहे हैं। उनकी पार्टी खुद को सोशल-लिबरल और प्रो-बिजनेस बताती है। अमेरिका के साथ व्यापार होना चाहिए, पर ग्रीनलैंड का कोई भी फैसला ग्रीनलैंडर्स करेंगे। पिछले चुनाव में नील्सन की पार्टी को 30% वोट मिले थे। उन्होंने दूसरे दलों के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई है। इससे केवल एक ही दल बाहर है - Naleraq, जो अमेरिका के साथ ज्यादा सहयोग के पक्ष में है।

### जनता जंक्शन

इरफ़ान




# यंग प्रेजिडेंट की टीम में क्या सीनियर भी होंगे

पूनम पाण्डे

BJP के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को अगले हफ्ते राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना है। अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ही हैं। नितिन नवीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 की उम्र में उन्हें जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत दिया है। लेकिन अब सबकी निगाहें नई राष्ट्रीय टीम पर टिकी हैं। नितिन नवीन के जरिए BJP का ये संदेश तो साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में पार्टी पीछे नहीं रहेगी ताकि आगे चलकर संगठन संभालने वालों की कमी ना रहे। लेकिन सवाल है कि इसकी कितनी झलक नितिन नवीन की नई टीम में दिखेगी।

### जोश और अनुभव दोनों

माना जा रहा है कि पार्टी की जो नई राष्ट्रीय टीम बनेगी उसमें युवा ज्यादा हो सकते हैं पर सीनियर्स को भी अनदेखा नहीं किया जाएगा। एक नेता ने कहा कि पार्टी को युवा जोश चाहिए तो सीनियर्स के अनुभव की भी जरूरत है। ऐसे में नितिन नवीन के सामने चुनौती युवा और सीनियर्स की टीम को साथ लेकर चलने की होगी।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

BJP का संसदीय बोर्ड सबसे अहम होता है। किसे टिकट देना है, किसे सीएम उम्मीदवार बनाना है, पार्टी संविधान के मुताबिक ये सभी फैसले संसदीय बोर्ड में ही लिए जाते हैं। BJP के संसदीय बोर्ड में इस वक्त जेपी नड्डा (उम्र 65 साल) के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी (75), अमित शाह (61), राजनाथ सिंह (74), सर्बानंद सोनोवाल (63), बीएस येदियुरप्पा (82), के. लक्ष्मण (69), इकबाल सिंह लालपुरा (71), सुधा यादव (60), सत्यनारायण जटिया (79) और बीएल संतोष (55) हैं। यानी लगभग सभी 60 साल से ज्यादा उम्र के हैं। नितिन नवीन खुद 45 साल के हैं तो इस बार संसदीय बोर्ड में कौन-कौन शामिल होते हैं, यह भी देखना होगा।



पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वही बन सकता है जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो। BJP के सांगठनिक चुनाव में सबसे पहले प्राथमिक समिति के चुनाव होते हैं। फिर मंडल स्तर पर और फिर जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। इसके साथ ही प्रदेश स्तर का निर्वाचन मंडल चुना जाता है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें हैं, उतने सदस्य होते हैं। अगर कोई महिला चुन कर नहीं आती तो महिला का समायोजन करना होता है। उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें आरक्षित हैं उतने ही उस आरक्षित समुदाय के लोग इस निर्वाचन मंडल में होते हैं। ये सब मिलकर प्रदेश अध्यक्ष को चुनते हैं।

### मतदान के आसार कम

इसी समय राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल का भी चुनाव होता है जिसे राष्ट्रीय परिषद कहते हैं। यही परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करती है। जितनी लोकसभा सीटें हैं उतने सदस्य राष्ट्रीय परिषद में होते हैं और अगर कोई महिला चुनकर नहीं आई तो उनका समायोजन करना होता है। लोकसभा में जितनी आरक्षित सीटें हैं उतने ही सदस्य आरक्षित समुदाय के होते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उम्मीदवारों का नामांकन ऐसे कम से कम पांच राज्यों की राष्ट्रीय परिषद इकाइयों से प्रस्तावित होना चाहिए, जहां संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हों। साथ ही उम्मीदवार को नामांकन पत्र में अपनी सहमति देनी होती है। हालांकि BJP के अब तक के इतिहास में कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मतदान की स्थिति नहीं आई है। हर बार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध ही हुआ है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होती है।

### रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

## बिगड़ सकते हैं हालात

15 जनवरी का संपादकीय 'आगे क्या होगा' पढ़ा। ईरान में महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर शुरू हुए प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आंदोलन अब लगभग पूरे देश में फैल चुका है। प्रदर्शनकारियों पर ईरानी सुरक्षा बलों की हिंसा ने हालात को और उग्र बना दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बयान आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। ऐसे समय में ईरान सरकार को चाहिए कि वह जनता की आवाज सुने और उनकी समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिखाए। आने वाले दिनों में वहां के हालात और बिगड़ सकते हैं। इसलिए भारत ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी है। यह अच्छी बात है।

पैथर तोमर, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

## फटाफट खबरें

### बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8%

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 15 साल और इससे ऊपर के लोगों में बेरोजगारी दर दिसंबर में 4.8% रही, जो नवंबर में 4.7% थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे में यह जानकारी मिली। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर बिना बदलाव के साथ 3.9% रही। वहीं, शहरों में यह 6.5% से बढ़कर 6.7% हो गई। 15 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों में वर्कर पॉपुलेशन रेशियो नवंबर के 75.4% से बढ़कर दिसंबर में 76% हो गया।

### 19-22 मार्च तक इलेक्ट्रिसिटी समिट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी में इस साल मार्च में भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट का आयोजन होगा। पावर मिनिस्टर मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक सम्मेलन और प्रदर्शनी में दुनियाभर के विशेषज्ञ जुटेंगे। उन्होंने इस मौके पर समिट के लिए ब्रोशर और टीजर फिल्म भी जारी की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि में 19 से 22 मार्च तक होने वाले समिट की थीम 'इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एंपावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली' है।

# टाइगर ग्लोबल चुकाए टैक्स : SC

## Flipkart सौदे पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाई कोर्ट का फैसला

■ NBT रिपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इनकम टैक्स के उस फैसले को सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी निवेश कंपनी टाइगर ग्लोबल को 2018 में फ्लिपकार्ट से बाहर निकलते समय हुए मुनाफे (कैपिटल गेंस) पर भारत में टैक्स देना होगा। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त 2024 के फैसले को पलट दिया। हाई कोर्ट ने टाइगर ग्लोबल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए टैक्स की मांग को रद्द कर दिया गया था। टाइगर ग्लोबल ने फ्लिपकार्ट में अपनी 1.6 बिलियन डॉलर की हिस्सेदारी वॉलमार्ट को बेची थी।

NBT Explainer

**कोर्ट ने क्या कहा? :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब यह तथ्य सामने आ गया है कि जिन शेयरों को बेचकर कंपनी ने मुनाफा कमाया, उन्हें कानून के खिलाफ जाकर एक खास व्यवस्था के तहत ट्रांसफर किया गया था। ऐसी स्थिति में कंपनी टैक्स छूट (DTAA के आर्टिकल 13(4) के तहत) का दावा नहीं कर सकती।

**क्यों है अहम? :** सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला अमेरिकी कंपनी के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। ET के मुताबिक, यह फैसला उन सभी के लिए बड़ा सबक है जो मॉरीशस या सिंगापुर के रास्ते भारत में पैसा लगाते हैं। कोर्ट का यह फैसला भारतीय टैक्स विभाग के लिए बड़ी जीत है।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### इस फैसले का होगा दूरगामी असर

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से साफ है कि विदेशी कंपनियां टैक्स संधि का फायदा उठाकर भारत में कमाई पर टैक्स देने से बच नहीं सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर यह पाया जाता है कि कोई सौदा सिर्फ टैक्स बचाने के लिए किया गया है, तो उसे संधि का फायदा नहीं मिलेगा। इस फैसले से आने वाले समय में विदेशी निवेश के तरीकों और कंपनियों को खरीदने-बेचने के तरीके में बड़ा बदलाव आएगा।

**क्या है पूरा विवाद? :** टाइगर ग्लोबल ने अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2015 के बीच फ्लिपकार्ट सिंगापुर के शेयर खरीदे थे। बाद में इन शेयरों को लक्जमबर्ग की एक कंपनी 'फिट होल्डिंग्स SARL' को ट्रांसफर कर दिया गया। साल 2018 में जब वालमार्ट ने भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी, तब टाइगर ग्लोबल इस से बाहर निकल गई थी। टाइगर ग्लोबल ने फरवरी 2019 में अथॉरिटी फॉर अडवांस रूलिंग्स (AAR) का दरवाजा खटखटाया था। AAR ने तब अपने फैसले में कहा था कि टाइगर ग्लोबल ग्रुप का ढांचा यह दिखाता है कि यह कंपनी और इसकी मालिक कंपनियां केवल टैक्स बचाने की एक योजना का जरिया भर थीं।

AAR ने यह भी माना था कि इस कंपनी का असली कंट्रोल और मैनेजमेंट मॉरीशस में नहीं, बल्कि अमेरिका स्थित TGM LLC के पास था। दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसले में कहा था कि TGM LLC केवल एक इन्वेस्टमेंट मैनेजर के तौर पर काम कर रही थी और उसे पैरेंट या होल्डिंग कंपनी नहीं माना जा सकता।

**क्या थी आपत्ति? :** भारत में इनकम टैक्स विभाग ने इस पर सवाल उठाए। विभाग का कहना था कि अमेरिकी कंपनी टाइगर ग्लोबल ने मॉरीशस की कंपनी को सिर्फ टैक्स बचाने के लिए एक मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया है। विभाग का मानना था कि मॉरीशस में इस कंपनी का कोई असली वजूद नहीं है। टाइगर ग्लोबल ने टैक्स छूट के लिए मॉरीशस सरकार से मिला टैक्स रेजिडेंसी सर्टिफिकेट (TRC) भी दिखाया, लेकिन टैक्स विभाग ने उसे मानने से इनकार कर दिया था।

**2018 का सौदा**

- **SC का फैसला:** टाइगर ग्लोबल को फ्लिपकार्ट सौदे से हुए मुनाफे पर भारत में टैक्स देना होगा।
- **HC का आदेश रद्द:** SC ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त 2024 के फैसले को पलट दिया जो कंपनी के हक में था।
- **वजह:** कोर्ट ने माना कि शेयरों का ट्रांसफर टैक्स बचाने की एक ऐसी व्यवस्था थी जिसे कानून सही नहीं माना जा सकता।
- **अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2015:** इस दौरान टाइगर ग्लोबल ने फ्लिपकार्ट सिंगापुर के शेयर खरीदे थे।

# टैरिफ के बीच भारत का निर्यात बढ़ा, अमेरिका में दिखा असर

## दिसंबर में निर्यात बढ़कर 38 बिलियन डॉलर से ज्यादा

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद दिसंबर में भारत से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले के इसी महीने से 1.87% बढ़कर 38.5 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, गोल्ड इंपोर्ट करीब 12% घटकर 413.4 करोड़ डॉलर रहने पर भी कुल आयात 8.7% बढ़कर 63.55 बिलियन डॉलर का रहा। इसके चलते व्यापार घाटा सालभर पहले के 20.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर 25.04 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। गुरुवार को कॉमर्स मिनिस्ट्री ने यह जानकारी दी।

**गोल्ड इंपोर्ट 12% कम, सिल्वर का आयात 80% बढ़ा**

नवंबर में निर्यात करीब 20% बढ़ा था। दिसंबर में सिल्वर का इंपोर्ट 79.66% बढ़कर 75.8 करोड़ डॉलर का रहा। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक वस्तुओं का कुल निर्यात सालाना 2.44% बढ़कर 330.29 बिलियन डॉलर हो गया। दिसंबर में चीन को निर्यात 67.35% बढ़कर 204.7 करोड़ डॉलर का रहा। वहां से आयात 20.01% बढ़कर 1169.2 करोड़ डॉलर का रहा। वहीं, दिसंबर में अमेरिका को निर्यात सालभर पहले से 1.83% घटकर 688.6 करोड़ डॉलर रहा। अमेरिका का 50% टैरिफ 27 अगस्त को लागू हुआ था। उसके बाद सितंबर से दिसंबर तक अमेरिका को निर्यात 25.6 बिलियन डॉलर का रहा, जो सालभर पहले की इसी अवधि में 25.8 बिलियन डॉलर पर था।

**'चुनौतियों के बावजूद बढ़ रहा एक्सपोर्ट' :** कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद एक्सपोर्ट बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'इस वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात 450 बिलियन डॉलर के पार जा सकता है और सेवाओं सहित कुल निर्यात 850 बिलियन डॉलर से ज्यादा होने की उम्मीद है।' FIEO के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, 'अप्रैल-दिसंबर के दौरान निर्यात में बढ़ोतरी निर्यातकों की क्षमता का प्रमाण है।' दिसंबर में मुख्य रूप से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, जेम्स एंड जूलरी, चावल, प्लास्टिक और लेदर प्रोडक्ट्स के निर्यात में कमी आई। वहीं, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, समुद्री उत्पादों और दवाओं का निर्यात बढ़ा।

### 'US से ट्रेड डील के बेहद करीब'

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' पहुंच गए हैं। कहा कि जब दोनों पक्ष तैयार होंगे, तो डील का ऐलान हो जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि अभी लंबित मुद्दों पर वर्चुअल तरीके से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह बेहद करीब है, लेकिन हम कोई डेडलाइन नहीं दे सकते क्योंकि यह तब होगा, जब दोनों पक्ष तैयार हों और उन्हें लगे कि इसके ऐलान का सही समय आ गया है।' ईरान से बिजनेस करने वाले देशों पर 25% टैरिफ लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बारे में अग्रवाल ने कहा कि ईरान को काफी कम निर्यात होता है और वह भी मानवीय आधार पर होता है।

# जियो फाइनेंशल के मुनाफे में 9% की आई गिरावट

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली: जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने गुरुवार को अपने तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के नतीजे घोषित किए। कंपनी को इस तिमाही में 269 करोड़ रुपये का कुल मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 9 फीसदी कम है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 295 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। हालांकि, कंपनी की कुल आमदनी पिछले साल के 449 करोड़ रुपये से करीब दोगुनी होकर 901 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। आमदनी के साथ-साथ कंपनी के खर्चों में भी बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। साल भर पहले जो खर्च 131 करोड़ रुपये थे, वे अब बढ़कर 566 करोड़ रुपये हो गए हैं। इस तिमाही के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 7 फीसदी बढ़कर 354 करोड़ रुपये रहा।

वहीं, बीमा कंपनी HDFC लाइफ इंश्योरेंस का इस तिमाही में शुद्ध मुनाफा 418.2 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी दौरान यह 421.3 करोड़ रुपये था। इस बार मुनाफे में कोई खास बदलाव नहीं आया है और यह लगभग पिछले साल के स्तर पर ही बना हुआ है।

वहीं, प्राइवेट सेक्टर के साउथ इंडियन बैंक का शुद्ध मुनाफा 9.3 फीसदी बढ़कर 374 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। केरल स्थित इस बैंक ने पिछले साल की इसी तिमाही में 342 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

# निफ्टी IT इंडेक्स 13% नीचे, आगे क्या?

Akhilesh.Singh1 @timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली : इंफॉर्मेशन टेक्नॉलजी कंपनियों के शेयर पिछले सालभर में करीब 13% नीचे आ गए हैं। निफ्टी IT इंडेक्स सालभर पहले 43401 अंकों पर था। बुधवार को 1% से अधिक गिरावट के साथ यह 37833 पॉइंट्स पर रहा। वहीं, TCS, इंफोसिस और HCL टेक जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद ब्रोकरेज हाउसेज इन्हें खरीदने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि इनमें 18 से 28% तक तेजी आ सकती है।

**इंफोसिस का आउटलुक कैसा?**

इंफोसिस के बारे में एमके ग्लोबल ने कहा, 'इंफी का रेवेन्यू 0.6% बढ़कर 5.1 बिलियन डॉलर रहा। यह अनुमान से अधिक रहा। बड़ी डील्स की टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 4.8 बिलियन डॉलर के साथ दमदार रही।' एमके ग्लोबल ने इंफोसिस के लिए 'बाय' रेटिंग बनाए रखते हुए 1750 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। इंफोसिस के लिए एलारा कैपिटल ने 'एक्युमुलेट' रेटिंग बनाए रखते हुए टारगेट प्राइस 1700 रुपये से बढ़ाकर 1770 रुपये कर दिया है। उसने कहा, 'BFSI और एनर्जी सेगमेंट्स में इंफोसिस की रिकवरी दिख रही है। उसने यह भी बताया है कि टॉप 25 बैंकिंग क्लाइंट्स में से टॉप 15 के लिए वह प्रेफर्ड AI पार्टनर है।' वहीं, PL कैपिटल ने कहा, 'इंफोसिस के लिए वित्त वर्ष 2027 का आउटलुक बेहतर दिख रहा है। हमने 1900 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ बाय रेटिंग दी है।'

**TCS में कितना दम? :** TCS के लिए PL कैपिटल ने 'बाय' रेटिंग बनाए रखते हुए 4040 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। उसने कहा, 'रेवेन्यू ग्रोथ हमारे अनुमान से बेहतर रही। BFS में ग्रोथ मोमेंटम बना हुआ है और चौथी तिमाही से यह फिर पॉजिटिव जोन में आ जाना चाहिए।' TCS के लिए एमके ग्लोबल ने 'ऐड' रेटिंग बनाए रखते हुए 3500 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। उसने कहा, 'दमदार ऑर्डर बुक और AI में लीडरशिप के चलते रेवेन्यू ग्रोथ आगे भी अच्छी होनी चाहिए।'

**HCL पर क्या है राय? :** HCL टेक के लिए PL कैपिटल ने 'बाय' रेटिंग देते हुए 1910 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। उसने कहा, 'कंपनी की नई डील्स और AI रेवेन्यू बढ़ने के चलते वित्त वर्ष 2027 और 2028 में भी मोमेंटम बने रहना चाहिए।' हालांकि एलारा कैपिटल ने HCL टेक को 1500 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ 'सेल' रेटिंग दी है। उसने कहा, 'HCL टेक ने इस वित्त वर्ष के लिए रेवेन्यू ग्रोथ गाइडेंस लोअर एंड पर 3% से बढ़ाकर 4% किया है, लेकिन अपर एंड पर इसे 50 बेसिस पॉइंट्स घटाकर 4.5% पर ला दिया है।'

**एक्सपर्ट की राय**

- पिछले एक साल में आईटी कंपनियों के शेयर करीब 13% टूटे हैं।
- दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने निवेश की सलाह दी।
- गिरते बाजार में भी बढ़ा भरोसा, 28% तक बढ़ सकते हैं शेयरों के दाम।
- एक साल की सुस्ती के बाद अब दौड़ेंगे, एआई और नई डील्स से बदलेगी तस्वीर।

# अनलिस्टेड शेयरों पर सेबी देगा दखल!

■ एनबीटी रिपोर्ट, मुंबई: सेबी के अपने औपचारिक अधिकार क्षेत्र से काफी हद तक बाहर अनलिस्टेड शेयरों के सेग्मेंट को लेकर केंद्र के साथ बातचीत कर रहा है। अनलिस्टेड शेयरों और IPO वैल्यूएशन के बीच प्राइसिंग में मिसमैच को लेकर चिंताओं के बीच सेबी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है कि वह भारत के अनलिस्टेड शेयर बाजार में कितना दखल दे सकता है या नहीं दे सकता है।

**बाजार नियामक कर रहा केंद्र से बातचीत**

गुरुवार को यहां एक कार्यक्रम में सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने अनलिस्टेड शेयरों और IPO बुक-बिल्डिंग प्रोसेस के दौरान सामने आए वैल्यूएशन के बीच प्राइसिंग में अंतर को एक बड़ी चिंता बताया। पांडे ने कहा, 'इस पर कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ चर्चा चल रही है। हमें देखना होगा कि क्या हमारे पास ऐसे क्षेत्र में दखल देने की रेगुलेटरी शक्तियां हैं जो अनलिस्टेड क्षेत्र है और यह अनलिस्टेड क्षेत्र कितना बड़ा है।'

**सेबी चीफ ने कहा, SME IPO में और खुलासे जरूरी**

सेबी चेयरमैन ने SME IPO में रिस्क, वैल्यूएशन और फंड के इस्तेमाल के बारे में ज्यादा डिस्क्लोजर करने की बात कही। बुधवार को एक कार्यक्रम में सेबी चेयरमैन ने कहा कि रेगुलेटर को अभी भी ऐसे डिस्क्लोजर गैप दिख रहे हैं जो ट्रांसपेरेंसी और इन्वेस्टर की समझ को कम करते हैं और बार-बार रेगुलेटरी सवालों के कारण फंड जुटाने की टाइमलाइन भी लंबी हो जाती है। उन्होंने कहा कि रेगुलेटर ने कुछ खास एरिया की पहचान की है जहां खुलासे को और मजबूत किया जाना चाहिए।






## NBT AI टाइम मशीन

### आज है नैशनल स्टार्टअप डे


आज के दिन भारत में हर साल राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2022 में की थी, ताकि देश के युवाओं में उद्यमिता और इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि इसी दिन 2016 में 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान की नींव रखी गई थी। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

# NBT



### आगे भारत बनेगा इनोवेशन इकॉनमी


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय स्टार्टअप्स दुनिया और स्पेस की तस्वीर बदल देंगे। स्पेस-टेक स्टार्टअप्स चंद्रमा और मंगल पर बस्तियां बसाने में मदद करेंगे। बायो-इंजिनियरिंग में नई तकनीकें इंसानी उम्र को 150 साल तक बढ़ा देंगी। क्वॉन्टम कंप्यूटिंग और ब्रेन-चिप्स के जरिये संचार पलक झपकते ही संभव होगा। ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप्स 'परमाणु संलयन' जैसी खोजों से पूरी तरह प्रदूषण मुक्त दुनिया बनाएंगे। संक्षेप में, भारत एक 'इनोवेशन इकॉनमी' बनेगा।



AI Images


## SPEED News

### अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन सांसदों ने



File

वेनेजुएला पर और हमले रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया, हालांकि पार्टी के दो सांसदों ने समर्थन किया।



File

### ट्रंप प्रशासन ने 75 उच्च-जोखिम वाले

देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर रोक लगाई है। यह रोक सिर्फ स्थायी रूप से अमेरिका में बसने वालों पर लागू होगी।

### रूस ने जासूसी के आरोप में मॉस्को

स्थित ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया। अफसरों ने उसका संबंध ब्रिटिश खुफिया एजेंसी से बताया।



File

### अमेरिका के न्यू जर्सी में भारतीय मूल की

महिला प्रियदर्शनी नटराजन को अपने दो नाबालिग बेटों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# ईरान में भारतीय इंजिनियर गिरफ्तार, बेहाल परिवार ने लगाई गुहार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**ईरान और** अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बाद बने युद्ध के हालातों के बीच गाजियाबाद के निवासी और दुबई की तेल कंपनी में मरीन इंजिनियर थर्ड केतन मेहता को ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट में कोस्ट गार्ड्स ने गिरफ्तार कर लिया है। 6 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद केतन के बारे में परिवार को 7 जनवरी को जानकारी मिली थी। इसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। केतन के पिता मुकेश मेहता ने विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से बेटे को सुरक्षित भारत लाने के लिए मदद की गुहार लगाई है।

> बेटे की वापसी के लिए पिता ने PM से लगाई गुहार

ट्रांस हिंडन में मोहन नगर के पास डीएलएफ कॉलोनी में रहने वाले मुकेश मेहता के बेटे मरीन इंजिनियर केतन मेहता दुबई की तेल कंपनी MT BRILLIANT ROAR में थर्ड इंजिनियर के पद पर कार्यरत हैं। यह कंपनी Prime Tanker LLC की ओर से पिछले काफी समय से ईरान से तेल लाने का कार्य करती है। मेहता के अनुसार, केतन ने जून 2025 में मरीन इंजिनियर के रूप में कंपनी जॉइन की थी। इसके बाद से वह वहीं हैं। इधर, 31 दिसंबर को केतन ने फोन कर बताया था जहाज ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर डीजल लेने आया है। 3-4 दिन में लौट जाएंगे। इसके बाद उनसे बात नहीं हुई। 6 जनवरी को जानकारी मिली कि बंदरगाह पर कोस्ट गार्ड ने उनके बेटे समेत 16 क्रू मेंबर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद से उनके बेटे के बारे में न तो कंपनी से और न ही अन्य किसी स्तर से कोई जानकारी मिल पा रही है।



ईरान में जारी प्रदर्शन के समर्थन में जर्मनी में लोगों ने भी मार्च निकाला। दुबई की तेल कंपनी में इंजिनियर के रूप में कार्यरत हैं केतन मेहता (इनसेट)



मुकेश (पिता) और रजनी (मां)

### 'हर बीतता दिन डरा रहा'

पिता ने कहा कि बेटे से हमारा संपर्क नहीं हो रहा है। हमें नहीं पता कि बेटा सुरक्षित है या नहीं, उसे पर्याप्त भोजन और चिकित्सा संबंधित सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं? हर बीतता दिन परिवार के लिए एक डरावने सपने जैसा है। यह केवल एक कानूनी मसला नहीं है, बल्कि भारतीय नागरिकों से जुड़ा एक गंभीर मानवीय संकट है।

### सरकार से मदद की अपील

विदेश मंत्रालय समेत नौवहन महानिदेशालय (DG Shipping) और प्रधानमंत्री से अपील की है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर बेटे की शीघ्र रिहाई के लिए प्रयास करें और उसे भारत ले आएं। केतन की मां रजनी भी बेटे की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं।


# 'तेहरान में शवों तक के लिए लाखों रुपये चुका रहे लोग'

## भारत में रह रहे ईरानी लोगों ने बताया, भूख और डर के साये में जनता

■ NBT रिपोर्ट

**ईरान की राजधानी** तेहरान में विरोध प्रदर्शन अब सिर्फ सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि जीवन की लड़ाई बन गए हैं। भारत और फिनलैंड में रहने वाले ईरानी प्रवासियों ने बताया कि अस्पताल शवों से भरे हैं और सड़कों पर मलबा हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल हो रहा है। ईरान में रहने वाले अपने जानकारों से बातचीत में उन्हें पता चला कि परिवारों को मृतक बच्चों के शवों के लिए करीब 3.60 लाख रुपये चुकाना पड़ रहा है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय लोग खासी दयनीय स्थिति में हैं। रोजमर्रा का खाना भी मुश्किल से मिलता है। सुरक्षा बल गोलियां चला रहे हैं। श्रीनगर के कई परिवारों ने बताया कि छात्र अपने हॉस्टल तक सीमित हैं और बाहर नहीं निकल रहे। इंटरनेट ब्लैकआउट और महंगी उड़ानों के कारण, छात्रों तक सहायता पहुंचाना कठिन हो गया है।

> एंबेसी ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया था



AP

तेहरान के मेयर ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों से 20 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

### बैलेंस बनाना आखिर मुश्किल क्यों?

ईरान में हालात तेजी से नाजुक होते जा रहे हैं और कई देश अपने नागरिकों को वापस बुला रहे हैं। भारत भी स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का प्रस्तावित भारत दौरा मौजूदा हालात के चलते टल गया है, हालांकि उन्होंने बुधवार रात विदेश मंत्री जयशंकर से फोन पर स्थिति पर चर्चा की। विशेषज्ञों के मुताबिक ईरान की अस्थिरता भारत के लिए दीर्घकालिक जोखिम पैदा कर सकती है। **Strait of Hormuz** और लाल सागर में तनाव बढ़ने से वैश्विक व्यापार और समुद्री यातायात प्रभावित होने की आशंका है।


### 'तेल की कीमतों में हो सकता है इजाफा'

जानकारी के अनुसार, शिपिंग इंश्योरेंस लागत बढ़ सकती है, जिससे कि तेल की कीमतों में इजाफा हो सकता है। भारत चाबहार बंदरगाह और इंटरनैशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर अगर प्रभावित होता है तो इससे भारत की सेंट्रल एशिया में कनेक्टिविटी पर अस्थिरता से नया खतरा पैदा हो सकता है।

### ईरान की अस्थिरता भारत के लिए चिंता

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार अनिल त्रिगुणायत कहते हैं कि ईरान में अगर अस्थिरता आती है तो हमारे लिए सही नहीं है। हमें वेस्ट एशिया नीति में स्थिरता के महत्व को प्राथमिकता देनी चाहिए। US संग संबंधों की असहजता के चलते विदेश नीति में बैलेंस भारत के लिए चुनौती बना हुआ है।

# मिडिल ईस्ट की ओर अमेरिकी वॉरशिप: रिपोर्ट



File

वॉरशिप पर एक साथ 90 लड़ाकू विमान तैनात करने की क्षमता

■ **NBT रिपोर्ट:** ईरान में गहराते राजनीतिक संकट और बढ़ते जनविरोध के बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य तैयारियों को और मजबूत करने का संकेत दिया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने दक्षिण चीन सागर में तैनात एक अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को हटाकर यूएस सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के कार्यक्षेत्र, यानी मिडिल ईस्ट की ओर भेजने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि यूएसएस अब्राहम लिंकन इस मिशन पर तैनात किया जा रहा विमानवाहक पोत है।

> US ने सैन्य तैयारियों को और मजबूत करने का संकेत दिया

# ट्रंप का दावा, ईरान में फांसी और हत्याएं रुकीं


■ एपी, वॉशिंगटन

**ईरान में** जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच फांसी की सजा और कथित हत्याओं को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि ईरान में प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की योजना पर रोक लगा दी गई है और हत्याएं भी रुक गई हैं।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही उन्होंने ईरान के प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा था कि मदद आ रही है और अमेरिका, इस्लामिक गणतंत्र की कथित घातक कार्रवाई के जवाब में उचित कदम उठाएगा।

> बोले, हम नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है

व्हाइट हाउस में शासकीय आदेशों और कानूनों पर हस्ताक्षर के दौरान ट्रंप ने कहा कि हमें बताया गया है कि ईरान में हत्याएं रुक रही हैं। वे अब ऐसा कुछ नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि फांसी की कोई योजना नहीं है और न ही किसी को फांसी दी जाएगी। मुझे यह जानकारी विश्वसनीय सूत्रों से मिली है। उन्होंने जोड़ा कि हम मामले पर नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है।



File

### इस बार निशाना नहीं चूकेगा: ईरान

■ **आईएएनएस, तेहरान:** ईरान के ताजा हालात चिंताजनक हैं। अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच अब ईरान ने एक तस्वीर के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी दे दी है। ईरान ने 2024 में पेंसिलवेनिया में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की एक तस्वीर दिखाई, जिसमें उन्हें एक कैंपेन रैली में मारने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। चेतावनी दी गई कि इस बार निशाना चूकेगा नहीं। इस बीच तनावपूर्ण हालात में ब्रिटेन ने तेहरान में अपने दूतावास को कुछ समय के लिए बंद कर दिया है।




Kia Seltos Badass. Forever. | Bigger in stance, longer in profile, and stronger in presence, the all-new Kia Seltos has arrived with a reinvigorated sense of authority. The new design strikes harder, the Trinity Panoramic Display amplifies the cabin, Ventilated Seats bring comfort, and ADAS Level 2 equips you with unmatched confidence. A complete transformation that carries forward the one thing that never changed: its unmistakable badass attitude. Experience the all-new Kia Seltos today!


**Commanding Presence** Advanced, with attitude




Command-Centric Trinity Panoramic



Over-the-Air (OTA) Software Updates with Kia Remote Diagnostics*




Dual Pane Panoramic Sunroof



Iconic R18 - 46.20 cm (18") Sporty Crystal Cut Alloy Wheels with Neon Brake Calipers



ADAS Level 2 with 21 Autonomous Features*



Front, Rear and Side Parking Sensors

Kia Service (Connected · Adaptive · Responsive · Engage) | 3 Years Unlimited km Warranty | Extended Warranty* Up to 7 Years | My Convenience Plus* Best-in-class Cost of Ownership | Scratch Care Program* | IoT Based Smart Services* | 24x7 | 3 Years Nationwide RSA*

Book now | Call 1800 108 5000 | 093195 91407 | Visit www.kia.com | Kia Seltos | Look for "Kia India"

*Terms & Conditions Apply. Ex-showroom price all India. The product & feature images shown in this ad is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown in this ad. The specifications and features may vary depending on models/ variants. Segment is defined as Mid SUV whose length lies between 4 220 - 4 460 mm and width between 1 760 - 1 830 mm. *Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 functionality is dependent on mobile network strength. **Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, Kia Connect 2.0 features and other details of any model as mentioned in this ad to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.

For Information Contact: DELHI: **Frontier Kia:** Safdarjung, Ph: 9873943152, **Jayanti Motors:** Lajpat Nagar, Ph: 7290070428: Mathura Road, Ph: 7290027386: Okhla, Ph: 9167068714 **Automotive Kia:** Dwarka, Sector 20, Ph: 9953800193: Rajapuri, Ph: 7289022062 **Ritu Kia:** Mayapuri, Ph: 7419798999: Moti Nagar, Ph:7419595999 **Speedingo Kia:** Gokulpuri, Ph: 9555289289: Patparganj Industrial Area, Ph: 9555125125: Dilshad Garden, Ph: 9555170170 **Zedex Kia:** MB Road, Saket, Ph: 9899415800 **Malwa Kia:** Narela, Ph: 7496961800 **Shuban Sai Kia:** Vikaspuri, Ph: 9218039120, **Allied Kia:** Connaught Place, Ph: 08047363017: Karol Bagh, Ph: 08045888886: **Sparsh Kia:** Moti Nagar, Ph: 7428380700 **Lohia Kia:** Peeragarhi, Ph: 8929300642: Wazirpur, Ph: 8929200845: Rohini, Ph: 8929247777 GURGAON: Frontier Kia, MG Road, Ph: 09654264367: Golf Course Road, Ph: 9205080960 **DAP Kia:** Golf Course Extn Road, Ph: 8800185551 **Dhingra Kia:** Old Gurgaon, Ph: 8745900045 **Allied Kia:** Sohna Road, Ph: 9899486666 SOHNA: **Dhingra Kia:** Sohna, Ph: 8929600045 FARIDABAD: **Saluja Kia:** near NIT, Ph: 7056661901 **Dhingra Kia:** Badhkal Chowk, Ph: 8743900045 NOIDA: **Allied Kia:** Sector 6, Ph: 9899476666, **Lohia Kia:** Sec-63 Noida, Ph:8929300525 **Jayanti Kia:** Salarpur, Sec-49, Khadar, Noida, Ph: 8929119911, GREATER NOIDA: **NRL Kia:** B-1 Surajpur, Ph: 8929484657, GHAZIABAD: **ASB Kia:** Ghaziabad, Ph: 8505815555, SAHIBABAD: Ph: 8505935555, Pandav Nagar, Ph:7042540555 PALWAL: **Harish Kia:** Palwal, Ph: 7056661800



मुझे इस बात पर हैरानी हुई कि न्यूजीलैंड इतनी आसानी से जीत गया क्योंकि पहले सभी को लगा था कि भारत पिच की धीमी गति का फायदा उठा पाएगा। न्यूजीलैंड के सभी बोलर्स ने पिच की धीमी गति का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया। -सुनील गावसकर, पूर्व कप्तान, भारत

**79**

रन पर ऑल आउट कर दिया था भारत ने न्यूजीलैंड को साल 2016 विशाखापत्तनम में खेले गए वनडे मैच में। यह दोनों देश के बीच हुए वनडे मुकाबलों का लोएस्ट टीम टोटल है

### MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने अपना पहला मैच किस शहर में खेला?
A) जोहानिसबर्ग B) हरारे C) बुलावायो D) डरबन

2. दिसंबर महीने के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
A) मिचेल स्टार्क B) जो रूट C) विराट कोहली D) जस्टिन ग्रीव्स

3. के. श्रीकांत इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026 में किस देश के प्लेयर से हारकर बाहर हुए?
A) फ्रांस B) स्वीडन C) इंग्लैंड D) डेनमार्क

**कल के जवाब**
1. B) 5 2. A) वियतनाम

**लकी विनर्स**



1. दर्शील गुप्ता, अर्जुन नगर, दिल्ली
2. वियान सोमानी, गोरेगांव, मुंबई
3. सचिन वाजपाई, सीतापुर, यूपी

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

## फटाफट खबरें

### ISL को मान्यता

■ नई दिल्ली: अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बताया कि एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने इंडियन सुपर लीग (ISL) के 2025-26 के संक्षिप्त सीजन को मान्यता दे दी है। हालांकि न्यूनतम 24 मैच पूरे नहीं होने के कारण भारतीय क्लबों को एशियन चैंपियंस लीग-2 में सीधे नहीं, बल्कि क्वॉलिफायर के जरिए जगह मिलेगी। ISL इस साल 14 फरवरी से शुरू होगा।

### गॉफ-वीनस भिड़ंत संभव

■ मेलबर्न: ऑस्ट्रेलियन ओपन के ड्रॉ में कोको गॉफ और वीनस विलियम्स के बीच दूसरे दौर की संभावित भिड़ंत चर्चा में है। साल 2019 में विंबलडन में 15 साल की गॉफ ने वीनस को हराकर सनसनी मचाई थी। तीसरी वरीय गॉफ पहले राउंड में कामिला रखिमोवा से खेलेंगी, जबकि 45 वर्षीय वीनस वाइल्ड कार्ड से ओल्गा डैनिलोविच से भिड़ेंगी।

### नीरज साउथ अफ्रीका गए

■ नई दिल्ली: मिशन ओलिंपिक सेल की मंजूरी के बाद जैवलिन थ्रो स्टार नीरज चोपड़ा सीजन शुरू होने से पूर्व ट्रेनिंग के लिए साउथ अफ्रीका रवाना हो गए हैं। इस 32 दिवसीय कैंप में वह नए कोच जय चौधरी के साथ प्रैक्टिस करेंगे।

खिलाड़ियों के विद्रोह के बीच BPL भी अधर में

# BCB में बवाल के बाद डायरेक्टर पर ऐक्शन

अड़ गए क्रिकेटर



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर नजमुल इस्लाम के बयान को लेकर बांग्लादेश के प्लेयर्स का प्रोटेस्ट

■ एजेंसियां, ढाका: संकट से जूझ रहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) एक नई समस्या में फंस गया है। उसकी टॉप टी20 लीग के रुकने का खतरा मंडरा रहा था, जब सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने डायरेक्टर नजमुल इस्लाम को अपमानजनक टिप्पणियों के लिए बर्खास्त नहीं करने पर बोर्ड के खिलाफ विद्रोह कर दिया। BCB ने हालांकि उन्हें अपनी वित्त समिति के प्रमुख के पद से हटा दिया। BCB के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद गुरुवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के दो मैच स्थगित कर दिए गए और खिलाड़ियों के कड़े रुख के कारण टूर्नामेंट अनिश्चितताओं से घिर गया। हालांकि, देर रात नजमुल ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली। इससे खिलाड़ियों का रुख थोड़ा नरम पड़ा।

**एक पद से हटाए गए नजमुल:** BPL में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी BCB डायरेक्टर के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। खिलाड़ियों और जनता के दबाव में BCB को कार्रवाई करनी पड़ी और नजमुल को बोर्ड की वित्त समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। नजमुल हालांकि बोर्ड के निदेशक बने हुए हैं और अनुशासनात्मक कारणों से उन्हें इस पद से हटाया जा सकता है। BCB ने बयान में कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यह सूचित करना चाहता है कि हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा के बाद और संगठन के सर्वोत्तम हित में BCB अध्यक्ष ने नजमुल इस्लाम को वित्त समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से तत्काल प्रभाव से मुक्त करने का फैसला किया है।' इसमें आगे कहा गया, 'अगले आदेश तक बोर्ड अध्यक्ष वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे। BCB दोहराता है कि क्रिकेटरों के हित उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।'

**खिलाड़ियों के खिलाफ दिया था बयान:** खिलाड़ियों का यह हंगामा तब शुरू हुआ जब नजमुल ने 'सुरक्षा चिंताओं' के कारण अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत जाने से बांग्लादेश के इनकार को दोहराते हुए देश के टूर्नामेंट से हटने पर खिलाड़ियों की पारिश्रमिक से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा क्योंकि उन्होंने अब तक मिले समर्थन को सही साबित नहीं किया है और एक भी इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) प्रतियोगिता नहीं जीत पाए हैं। इस बयान से काफी हंगामा हुआ और बांग्लादेश क्रिकेटर्स के संघ ने उन्हें तुरंत हटाने की मांग की।

### मैच शिफ्ट करवाने का मामला भी नहीं सुलझा

बांग्लादेश भारत जाने से इनकार कर रहा है और सुरक्षा चिंताओं का हवाला दे रहा है क्योंकि BCCI के निर्देश पर पेसर मुस्ताफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से बाहर कर दिया गया था। मुस्ताफिजुर को बाहर करने के लिए 'चारों ओर की घटनाओं' का हवाला दिया गया। BCB अब भी ICC के साथ बातचीत कर रहा है जिससे कि कोई रास्ता निकाला जा सके क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था ने भारत में बांग्लादेश के चार मैच को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में अनिच्छा जताई है। इस मामले को लेकर भी नजमुल घेरे में है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### टीम के पूर्व कप्तान तमीम को बताया था 'भारत का एजेंट'


नजमुल इस्लाम ने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'भारत का एजेंट' बताया था। तमीम ने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के साथ गतिरोध को संयम से संभालने की बात कही थी और चेतावनी दी थी कि आज लिए गए फैसलों का असर 10 साल तक दिखेगा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन (CWAB) ने नजमुल के बयान की निंदा की थी। बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने भी व्यावहारिक रवैया अपनाने की अपील की थी और यह भी बताया था कि मौजूदा हालात की वजह से खिलाड़ी बहुत अधिक तनाव में हैं। CWAB के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने नजमुल के खिलाफ कार्रवाई होने से पहले कहा, 'हम BCB के साथ कई मुद्दों पर बात कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। अब हम निराश हैं। क्रिकेटर सम्मान के लिए खेल रहे हैं। वह ऐसी टिप्पणी नहीं कर सकते।'

# सिर्फ लक्ष्य जीते, अव्यवस्था हो गई 'लाइव'

## सात्विक और चिराग की जोड़ी सहित बाकी भारतीय प्लेयर्स का सफर दूसरे राउंड में थमा

Rupesh.Singh@timesofindia.com

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026





मुकाबले के दौरान कोर्ट पर गिरी पक्षी की बीट को साफ करते हुए ऑफिशल्स



क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

■ नई दिल्ली: इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के लगातार तीसरे दिन खेल से ज्यादा सुर्खियां खराब व्यवस्था ने बटोरीं जब भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय और सिंगापुर के लोह कीन यू के बीच मुकाबले को कोर्ट पर चिड़ियों की बीट गिरने की वजह से एक नहीं बल्कि दो बार रोकना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई, जब एक दिन पहले बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) के महासचिव संजय मिश्रा ने दावा किया था कि यह वेन्यू कबूतरों से मुक्त है।

**रेफरी ने खुद किया हस्तक्षेप:** प्रणॉय और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन लो कीन यू के बीच दूसरे दौर में मैच चल रहा था तभी ये व्यवधान हुए। आमतौर पर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ी के अनुरोध पर कोर्ट को साफ किया जाता है। अगर कोर्ट पर खून गिर जाए तो रेफरी खुद हस्तक्षेप करते हैं, क्योंकि दाग साफ किए बिना खेल जारी नहीं रह सकता। हालांकि, यह एक दुर्लभ घटना थी जब मैच के बीच में पक्षियों की बीट साफ करनी पड़ी और यह सारा मामला 'लाइव' हो गया। मैच के बाद प्रणॉय ने कहा, 'मुझे लगता है कि पक्षियों की बीट की वजह से ही खेल रोका गया।' यह मुकाबला अंततः वह लो कीन यू से 18-21, 21-19, 21-14 से हार गए। कीन यू ने कहा कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

**BWF ने प्लेयर्स से की बात:** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने अव्यवस्था के मसले पर बयान जारी कर बताया, 'इंडिया ओपन 2026 के दौरान मैच वेन्यू की मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा के लिए खिलाड़ियों और टीमों से बातचीत की है। BAI ने इन चिंताओं को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों ने सकारात्मक सुधारों को भी सराहा है।'

**सेन छोड़ बाकी हुए बाहर:** खेल के लिहाज से भी भारतीयों के लिए यह निराशाजनक दिन रहा, जहां लक्ष्य सेन को छोड़कर हर भारतीय खिलाड़ी को अपने-अपने मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। विमिंस डबल्स में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी भी बाहर हो गई। लक्ष्य ने जापान केंटा निशिमोतो को 21-19, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। श्रीकांत को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 21-14, 17-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी भी दूसरे दौर में जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता से 27-25, 21-23, 19-21 से हार गई।

# हेनिल के 'पंजे' से भारत ने की शानदार शुरुआत

अंडर-19 वर्ल्ड कप

■ एजेंसियां, बुलावायो (जिंबाब्वे): तेज गेंदबाज हेनिल पटेल की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने बारिश से प्रभावित अंडर-19 वर्ल्ड कप मुकाबले में अमेरिका को छह विकेट से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। हेनिल ने सात ओवर में एक मेडन सहित 16 रन देकर पांच विकेट झटके और अमेरिकी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

**दिए शुरुआती झटके:** पहले गेंदबाजी का फैसला भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे के लिए पूरी तरह सही साबित हुआ। अमेरिका की टीम 35.2 ओवर्स में सिर्फ 107 रन पर सिमट गई। हेनिल ने शुरुआती ओवर में ही अमरिंदर गिल (1) को स्लिप में कैच कराया, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने साहिल गर्ग (16) को आउट कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद हेनिल ने कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव (0) और विकेटकीपर अर्जुन महेश (16) को एक ही ओवर में आउट कर अमेरिका को बैकफुट पर धकेल दिया। यहां से अमेरिका की टीम वापसी नहीं कर पाई।

**कुंडू की जुझारू पारी:** जवाब में भारत का लक्ष्य बारिश के कारण डकवर्थ लुईस सिस्टम से 37 ओवर में 96 रन तय हुआ। सूर्यवंशी (2) जल्दी आउट हो गए, जबकि कप्तान म्हात्रे (19) और विहान मल्होत्रा (18) भी सस्ते में पविलियन लौटे। हालांकि अभिज्ञान कुंडू ने एक छोर संभाले रखा और 41 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाकर भारत को 17.2 ओवर में जीत दिला दी।



प्लेयर ऑफ द मैच रहे हेनिल पटेल

**भारत Vs अमेरिका**


**5** विकेट लिए 17 रन देकर हेनिल पटेल ने। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय बोलर का बेस्ट प्रदर्शन है

**206** रन बने भारत, अमेरिका के मैच में। यह दोनों देशों के बीच वनडे में सबसे कम रन है

**ब्रीफ स्कोर**
**अमेरिका:** 35.2 ओवर्स में 107 रन (नितीश सुदिनी 36, अदनित झांब 18, हेनिल पटेल 5/16, आरएस अंबरीष 1/14)
**भारत:** 17.2 ओवर्स में 99/4 (अभिज्ञान कुंडू 42*, विहान मल्होत्रा 18, ऋत्विक अप्पिडी 2/24, उत्कर्ष 1/17)

# खास पिच पर तैयारी से मिली मदद:मिचेल

**भारत Vs न्यूजीलैंड**
वनडे इंटरनैशनल सीरीज



न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल

■ एजेंसियां, राजकोट: न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने कहा कि लिंकन में न्यूजीलैंड क्रिकेट की खास तौर पर तैयार की गई 'पिच बाउली फैसिलिटी' में तैयारी करने से उन्हें स्पिन की अनुकूल पिचों पर खेलने में महारत हासिल करने में मदद मिली। वर्ल्ड नंबर-2 वनडे बैटर मिचेल ने भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए पिछले चार मैच में 130, 134, 84 और 131* रन बनाए हैं। चौंतीस साल के मिचेल ने कहा, 'साउथ आइलैंड के लिंकन में मार्की में कई सुबह हमने धूल भरी पिचों पर अभ्यास किया, जिससे कि दुनिया के इस हिस्से के लिए रणनीति बनाने के तरीके खोज सकें। यह वो चीज है जो बहुत से लोग नहीं देखते...आप जो मेहनत करते हैं, चकाचौंध वाली लाइटों और टीवी से दूर लेकिन मुझे लगता है कि जब आपको उसका इनाम मिलता है तो यह हमेशा अच्छा लगता है।'





**सुंदर टी20 सीरीज से बाहर:** वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सुंदर पसली की चोट से उबर रहे हैं। वह वडोदरा में वनडे सीरीज के पहले मैच के दौरान चोटिल हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि सुंदर टी20 वर्ल्ड कप तक फिट हो पाएंगे या नहीं।

नितीश कुमार रेड्डी के साथ हम उन्हें तैयार करने और मैच खिलाने के बारे में बात करते रहते हैं। हालांकि, जब आप उन्हें मैच देते हैं तो वह कुछ खास नहीं कर पाते हैं। -रायन टेन डेसकाटे, असिस्टेंट कोच, भारत

### नितीश को मिला सपोर्ट

पूर्व खिलाड़ियों आकाश चोपड़ा, रॉबिन उथप्पा और मनोज तिवारी ने कहा कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को मौका दिया जाना चाहिए और क्रिकेट जगत को जल्दबाजी में उन्हें लेकर कोई फैसला नहीं करना चाहिए। ये प्रतिक्रियाएं राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में रेड्डी के साधारण प्रदर्शन के बाद आई हैं जहां उन्होंने 20 रन बनाए और दो ओवर में कोई विकेट नहीं ले पाए। उथप्पा ने कहा, 'ऑलराउंडर बनना आसान नहीं है। आपको दो कौशल में महारत हासिल करनी होती है। रविंद्र जाडेजा रातों-रात ऐसे नहीं बने, ना ही हार्दिक पंड्या। वे इंटरनैशनल क्रिकेट में बिताए समय की वजह से पूर्ण खिलाड़ी बने। नितीश रेड्डी को भी उस समय की जरूरत है।'

# कप्तान हरमन के डबल से सूरमा की दूसरी जीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत हॉकी जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग (HIL) में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) को 3-1 के अंतर से हराया। यह सूरमा की लीग के मौजूदा सीजन की दूसरी जीत है। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद सूरमा ने अपनी पहली जीत हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में दर्ज की थी। हालांकि, इस जीत के बावजूद सूरमा आठ टीमों की अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है, जबकि HIL GC की टीम दूसरे स्थान पर कायम है। हरमन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर सूरमा का खाता खोला। टीम का दूसरा गोल गुरजंत सिंह ने किया और 38वें मिनट में हरमन ने एक और गोल कर सूरमा को 3-0 से आगे कर दिया। HIL GC के लिए एकमात्र गोल केन रसेल ने किया।

हॉकी इंडिया लीग 2026



सूरमा के कप्तान हरमनप्रीत

# दर्शन और अमन चमके, विदर्भ फाइनल में पहुंचा

■ NBT रिपोर्ट, रिपोर्ट: दर्शन नालकंडे (5/48) और अमन मोखाड़े (138 रन, 122 बॉल, 12 फोर, 2 सिक्स) की बदौलत विदर्भ ने विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 के फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ ने गुरुवार को हुए सेमीफाइनल में टूर्नामेंट की पांच बार की विजेता कर्नाटक को छह विकेट से मात दी। पिछले सीजन की रनरअप रही विदर्भ इस सीजन फाइनल में पंजाब और सौराष्ट्र के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी। पंजाब और सौराष्ट्र के बीच दूसरा सेमीफाइनल आज दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा।

**करुण की फिफ्टी:** इससे पूर्व, पेसर यश ठाकुर ने फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल (4) को सस्ते में आउट कर विदर्भ को शानदार शुरुआत दिलाई। करुण नायर (76 रन) और कृष्णन श्रीजीत (54 रन) ने फिफ्टी जमाई। कर्नाटक ने 49.4 ओवर्स में 280 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में अपने जन्मदिन से एक दिन पहले अमन ने मौजूदा सीजन का पांचवां लिस्ट-ए शतक जमाया। अमन के मौजूदा विजय हजारे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 781 रन हो गए हैं। दूसरे छोर पर उन्हें रविकुमार समर्थ (76* रन) का साथ मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 46.2 ओवर्स में चार विकेट पर 284 रन बना लिए।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26



प्लेयर ऑफ द मैच रहे अमन मोखाड़े

# हरलीन की फिफ्टी से यूपी वॉरियर्ज को मिली पहली जीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पिछले मैच में रिटायर्ड आउट की गई हरलीन देओल ने गुरुवार को अपने तेवर तीखे करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ यूपी वॉरियर्ज के लिए मैच विनिंग पारी खेल डाली। उन्होंने मुंबई के खिलाफ 39 बॉल पर 12 फोर की बदौलत 64* रन बनाए। हरलीन की फिफ्टी और क्लोई ट्रायोन (27* रन, 11 बॉल, 4 फोर, 1 सिक्स) की तेज पारी की बदौलत यूपी वॉरियर्ज ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के मौजूदा सीजन में मुंबई को सात विकेट से हराते हुए सीजन की पहली जीत दर्ज की। वॉरियर्ज को इससे पहले शुरुआती तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि मुंबई ने सीजन का पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दो जीत दर्ज की थी। पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने नैट सिवर-ब्रंट (65 रन) की बदौलत 20 ओवर्स में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। फीबी लिचफील्ड (25 रन) और हरलीन की 73 रन की साझेदारी ने वॉरियर्ज के लिए चेज की नींव रखी। अंत में क्लोई के फिनिश की बदौलत टीम ने 18.1 ओवर्स में लक्ष्य हासिल कर लिया।

विमिंस प्रीमियर लीग



यूपी वॉरियर्ज की हरलीन

# स्टार्क, वोल्वार्ट चुने गए बेस्ट

■ एजेंसियां, दुबई: ऑस्ट्रेलिया के पेसर मिचेल स्टार्क और साउथ अफ्रीका की बैटर लॉरा वोल्वार्ट को दिसंबर के लिए ICC प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। एशेज में 4-1 की सीरीज जीत के दौरान स्टार्क ने 16 विकेट झटके। उनका औसत 21.25 रहा। स्टार्क ने इस दौरान बल्ले से 139 रन बनाए। ब्रिस्बेन टेस्ट में आठ विकेट और 77 रन उनका दिसंबर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। महिला वर्ग में वोल्वार्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने तीन मैचों में 255 रन और टी20 में 137 रन बनाए।

क्रिकेट कनेक्ट



स्टार्क

### आदिल, रेहान को वीजा नहीं

**लंदन:** भारत सरकार ने अब तक इंग्लैंड के आदिल राशिद और रेहान अहमद को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए वीजा जारी नहीं किया। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों प्लेयर्स श्रीलंका टूर के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज सायं 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग आया है। सायं काल 5 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा धनु राशि में प्रवेश करेगा इसके फलस्वरूप मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आज दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण फैसले होंगे। ऑफिस में आपके विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में किसी शुभ कार्यक्रम में जाने का अवसर मिल सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपकी वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का भी आप खास ध्यान रखें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर अपने किसी साथी से चर्चा जरूर करें। हो सकता है उस काम की नींव भी आज के दिन ही डल जाए। जमीन-जायदाद के मामले में पारिवारिक और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन शुभ है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयत्नशील रहें। परिवार में सुख-शांति और विश्वास का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सके तो आगे फायदा लाभ होगा। संतान में भी नई जान आएगी। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार आज काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। माता-पिता की सलाह जरूर लें। उनका आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपको स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य संबंधी कष्ट हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। आज के दिन जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझ कर करें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। आज के दिन आप अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी सहयोगकर्ता व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से बारहवें घर में सूर्य व बुध का द्विग्रही योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। इस दौरान आप जितना जोखिम उठाएंगे, उतना फायदा मिलने के योग हैं। फरवरी माह के अंत तक किसी राजकीय विवाद का भी अंत हो जाएगा। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के मध्य कई प्रकार की समस्याएं उभरकर अपने आप ही समाप्त हो जाएंगी। इस दौरान कार्यक्षेत्र में नवीनता ला सकते हैं। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। जुलाई-अगस्त में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। सितंबर से लेकर अक्टूबर महीने में मित्रों की सहायता से काम काज में मायूसी खत्म होगी। नवंबर में किसी यात्रा का आनंद उठाएंगे। दिसंबर के अंत तक किसी नए कार्य क्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। जनवरी 2027 शुरू से मध्य तक महिलाओं के लिए वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। घर-परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। सिंह राशि के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लक्ष कराएं। पीपल के पेड़ के नीचे रविवार को चार चांदी के चौकोर पत्ते रख दें। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(शनिवार, 17 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 28, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, चतुर्दशी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 4, रजब 26, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 17 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 4 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र अगले दिन सूर्योदय तक। व्याघात योग रात्रि 9 बजकर 18 मिनट तक उपरांत हर्षण योग का आरंभ। विष्टि करण प्रातः 11 बजकर 16 मिनट तक तक उपरांत चतुष्पद करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात धनु राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - प्रदोष व्रत, नरक चतुर्दशी।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 2 | 6 | 1 | |
| | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | | |
| | | | | 9 | 3 | | 4 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |
| | 3 | | 2 | 4 | | | | |
| | | | | | 7 | | 6 | 8 |
| | 4 | | | | 6 | | | |
| | 7 | 1 | 3 | | | 9 | | |

### TELEVISION



big magic

09:00 बालवीर बबलू
10:00 बद्दूध बुद्धकर
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 धीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-15-2026 23:02 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 > पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 14 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001203474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



‘जन नायकन’ को SC से राहत नहीं, हाई कोर्ट जाने को कहा ▸p5




कृति सेनन ने नुपूर से कहा, तुम दो घरों की खुशियां हो ▸देखें सप्लिमेंट

भारत में लोकतंत्र सफल, क्योंकि शासन के केंद्र में जनता: मोदी ▸▸पेज 4



उन्नाव रेप केस में सेंगर के खिलाफ और सबूत देने दिल्ली HC पहुंची पीड़िता ▸▸पेज 4



जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजदूत को रूस ने देश से बाहर निकाला ▸▸पेज 10

# ‘ईडी छापों में बाधा गंभीर’ SC ने कहा- जांच करेंगे

## प. बंगाल सरकार को नोटिस, जांच एजेंसी को FIR से राहत मिली

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति से जुड़ी संस्था ‘I-PAC’ के दफ्तर पर ईडी की छापेमारी के दौरान ‘बाधा’ डालने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प. बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा कि ईडी के आरोपों के मुताबिक मामला बेहद गंभीर है और हम इसका परीक्षण करेंगे।

ईडी का आरोप है कि कोलकाता में I-PAC के ठिकानों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी वहां बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं।

देखें पेज 8 संपादकीय ‘टकराव पर सवाल’

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं जिनका जवाब नहीं मिला तो स्थिति बिगड़ जाएगी। अराजकता फैल सकती है। केंद्रीय एजेंसियों को किसी दल के चुनावी काम में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। पर, अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीतिक गतिविधियों की आड़ में काम करने से रोका जा सकता है? कोर्ट ने ईडी के अफसरों पर बंगाल में दर्ज FIR पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक अंग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के लिए मुद्दे की जांच जरूरी है, ताकि अपराधियों को किसी विशेष राज्य की एजेंसियों की आड़ में संरक्षण न मिल सके। ▸▸ पेज 4

8 जनवरी को तृणमूल की चुनावी रणनीति से जुड़ी संस्था I-PAC पर ईडी की रेड का मामला

ईडी का आरोप, पुलिस के साथ पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी, सबूत लेकर चली गईं

कुछ बड़े सवाल हैं, जिनके जवाब नहीं मिले तो स्थिति बिगड़ जाएगी। अराजकता फैल सकती है। - सुप्रीम कोर्ट



जांच एजेंसी के आरोपों पर ममता बनर्जी ने कहा कि मैं I-PAC परिसर में मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, तृणमूल प्रमुख के रूप में गई थी।

### पड़ोसी राज्य झारखंड में भी ऐसा ही विवाद

## ED दफ्तर पहुंची पुलिस, फुटेज ज़ब्त



रांची के ईडी दफ्तर में सुरक्षा के लिए CISF जवान तैनात।

■ आईएएनएस, रांची

झारखंड के रांची स्थित ED दफ्तर पर राज्य पुलिस गुरुवार को जांच करने पहुंची, तो सियासत भी शुरू हुई। दरअसल, ED के दो अफसरों पर एक शख्स ने पूछताछ के नाम पर मारपीट का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की और ईडी दफ्तर पहुंच कर सीसीटीवी जब्त की। ईडी ने सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल को भी बुला लिया। बीजेपी ने पुलिस जांच को केंद्रीय जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में ईडी दफ्तर में अहम सबूतों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने की कोशिश की जा सकती है।

बीजेपी बोली, यह सबूतों को नष्ट करने की कोशिश

### तेहरान ने 4 घंटे बंद रखा ‘आसमान’


# ईरान में फंसे भारतीयों को निकालेगी केंद्र सरकार

■ अल्पयु सिंह/मनीष अग्रवाल

नई दिल्ली: अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने गुरुवार सुबह बिना कारण बताए अपने एयर स्पेस को उड़ानों के लिए बंद कर दिया। यह बंद चार घंटे से ज्यादा समय तक चला। भारत समेत कई देशों की अमेरिका और यूरोप जाने वाली कई अहम अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका असर पड़ा। एयर इंडिया को दिल्ली और मुंबई से न्यू यॉर्क और नेवार्क जाने वाली तीन उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इंडिगो को मुंबई-ताशकंद और मुंबई-अलमाटी फ्लाइट रद्द की। ये उड़ानें शुक्रवार को भी रद्द रहेंगी। स्पाइसजेट को भी अडवाइजरी करनी पड़ी।

एयर स्पेस बंद होने से एयर इंडिया, इंडिगो की उड़ानें रद्द


ईरान में भारत सरकार उन सभी नागरिकों को वापस लाने की तैयारी में जुटी है, जो देश वापसी करना चाहते हैं। विदेश मंत्रालय वहां से सुरक्षित वापसी की तैयारी में जुटा है। बताते हैं, ईरान में 10 हजार भारतीय मौजूद हैं। इनमें 2000 से ज्यादा मेडिकल स्टूडेंट्स जम्मू-कश्मीर से हैं। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट असोसिएशन ने सरकार से इन छात्रों को वापस भारत लाने की गुहार लगाई है। तेहरान स्थित भारतीय एंबेसी ने एक दिन पहले ही अडवाइजरी जारी कर वहां मौजूद सभी भारतीयों को देश छोड़ने को कहा था। विदेश मंत्रालय ने भी लोगों को ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी थी।



प्रोटेस्ट धीमे पड़े... ईरान में गुरुवार का दिन अमूमन शांत रहा। तेहरान में आम दिनों की तरह चहल-पहल रही। मलबे के रूप में हिंसा के निशान दिखे।

### डॉनल्ड ट्रंप का दावा, हत्याएं रुकीं, लेकिन...

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि हमें बताया गया है कि ईरान में हत्याएं रुक गई हैं। जब उनसे सवाल हुआ कि क्या वह ईरान पर अब कार्रवाई करेंगे तो ट्रंप ने कहा, ‘कौन जानता है? हम नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है।’ खबरें हैं कि अमेरिकी नेवी ने अपने वॉरशिप USS अब्राहम लिंकन को मिडिल ईस्ट को रवाना किया है। ईरान ने कहा कि जंग से बेहतर कूटनीति है



### गाजियाबाद के केतन ईरान की गिरफ्त में

गाजियाबाद के मरीन इंजिनियर केतन मेहता ईरानी कोस्टगार्ड की गिरफ्त में हैं। भोपुरा की DLF कॉलोनी में उनके परिवार ने बताया कि हमें 7 जनवरी को यह जानकारी मिली थी। इसके बाद से कोई संपर्क नहीं है। केतन दुबई की तेल कंपनी MT BRILLIANT ROAR में मरीन इंजिनियर थर्ड हैं। पिता ने केंद्र से बेटे को सुरक्षित भारत लाने की गुहार लगाई है। ▸▸ पेज 10



WPL आज के मैच
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs गुजरात जायंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 5, 9, खेल पेज

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 6

## फटाफट खबरें

### UCC में बदलाव करेगा उत्तराखंड



उत्तराखंड की कैबिनेट ने गुरुवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड में संशोधन को मंजूरी दी। इसके तहत जनवरी 2025 से पहले शादी करने वालों को अब छह माह के बजाय एक साल में शादी का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### बांग्लादेश बोर्ड के डायरेक्टर बर्खास्त

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम को हटा दिया गया है। खिलाड़ियों के विरोध और बढ़ते दबाव के बीच BCB ने यह फैसला लिया है। क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन ने अल्टिमेटम दिया था कि अगर गुरुवार दोपहर तक वे नहीं हटते तो खिलाड़ी क्रिकेट के सभी फॉर्मेट का बहिष्कार करेंगे। ▸▸ खेल पेज

## काम की खबरें

### नर्सरी दाखिले के लिए मार्क्स आएंगे आज



नर्सरी, केजी, क्लास 1 में दाखिले के लिए दिल्ली के प्राइवेट स्कूल शुक्रवार को मार्क्स की लिस्ट जारी करेंगे। इससे पैरंट्स को पता चलेगा कि कहां दाखिला मिल सकता है। एडमिशन लिस्ट 23 जनवरी को आएगी। ▸▸ पेज 3

### SSC ने किया सुधार

SSC ने कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जामिनेशन (टियर-1) की कटऑफ में सुधार किया है। कई शिकायतें मिली थीं।

### US वीजा पर सफाई

अमेरिका ने साफ किया है कि जिन 75 देशों के प्रवासी वीजा पर रोक लगी है, वह टूरिस्ट और वर्क परमिट पर लागू नहीं होगी।

# डिजिटल अरेस्ट में बैंक या टेलिकॉम की चूक तो तय हो जवाबदेही: केंद्र

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया है कि पीड़ित का नुकसान अगर बैंकों या टेलिकॉम कंपनियों की लापरवाही से हुआ हो तो फिर उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। डिजिटल अरेस्ट के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए गृह मंत्रालय (MHA) ने एक हाई-लेवल इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनाई है, जिसमें कई एजेंसियां शामिल हैं। डिटेल रिपोर्ट पेश करने के लिए एक महीने का समय मांगा।

केंद्र के मुताबिक, कमिटी की अध्यक्षता गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) कर रहे हैं। कमिटी में RBI, CBI, NIA, दिल्ली पुलिस और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अधिकारी शामिल हैं। कमिटी की बैठक हर दो हफ्ते में होगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 1 दिसंबर 2025 को सीबीआई को निर्देश दिया था कि वह डिजिटल अरेस्ट मामलों की यूनिफाइड पैन इंडिया जांच करे और राज्यों से कहा है कि वह इसके लिए सहमति दें।

AI Image






### नोएडा के 42 केस की जांच CBI करेगी

NBT रिपोर्ट, नोएडा: डिजिटल अरेस्टिंग के बढ़ते मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय द्वारा गठित 13 सदस्यीय कमिटी की निगरानी में अब सीबीआई नोएडा के 42 मामलों की भी जांच होगी। ये वैसे मामले हैं, जिनमें रिटायर्ड आईपीएस, कर्नल, डॉक्टर, वकील और वरिष्ठ अधिकारियों को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया है।

### IGI पर टला हादसा

## एयर इंडिया प्लेन के इंजन में घुसा कार्गो कंटेनर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: IGI एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह उस वक्त करीब 300 यात्रियों और क्रू मेंबर की जान बाल-बाल बची, जब दिल्ली से न्यू यॉर्क के लिए उड़ान भर चुकी एयर इंडिया की फ्लाइट AI-101 ईरानी एयर स्पेस बंद होने से वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड की। तभी एक छोटा कार्गो कंटेनर एयरक्राफ्ट A-350 के इंजन की रेंज में आ गया और इंजन ने उस कंटेनर में से एक सामान को अपनी ओर खींच लिया। गनीमत रही कि इंजन में आग नहीं लगी। डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए हैं।



### सिंगापुर जा रहे विमान में खराबी, दिल्ली वापस लौटा

सिंगापुर जा रहा एयर इंडिया विमान तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। सूत्रों ने बताया, विमान में करीब 190 लोग सवार थे।

# पालम 20 साल में सबसे ठंडा रहा



2.3 डिग्री तक गिरा दिल्ली में गिर गया पारा। गुरुवार इस मौसम का सबसे सर्द दिन रहा। आज लगातार छठे दिन शीतलहर के आसार हैं।

### शीतलहर ने 5वें दिन भी कंपाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली-NCR लगातार 5वें दिन शीतलहर की चपेट में रहे। दिल्ली में इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री दर्ज हुआ। पालम में पारा 2.3 डिग्री तक गिर गया, जो 20 साल में सबसे ठंडा रहा। शुक्रवार को भी शीतलहर के बने रहने के आसार हैं। शाम को छिट-पुट बादल छा सकते हैं। दिल्ली में AQI बढ़कर 343 यानी ‘बहुत खराब’ कैटिगरी में रहा।

फरीदाबाद में 4.1, गुड़गांव में 5 डिग्री तक गिरा पारा

## कंटेनर से टकराई बस, 2 की मौत

■ NBT न्यूज, नूंह

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे में बड़ा हादसा हुआ। जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही बस गांव शेखपुर के पास अपने आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें दिल्ली पुलिस का जवान शामिल है। हादसे में 6 यात्री गंभीर रूप से घायल भी हुए। दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित कापड़ीवास में भी कोहरे के कारण हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक दो कारों को टक्कर मारते हुए बूस्टिंग स्टेशन की दीवार तोड़ अंदर घुस गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। एक्सिडेंट के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।



मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा

### केरल का मामला

## SAI हॉस्टल में 2 ट्रेनी प्लेयर्स के शव लटके मिले

■ पीटीआई, कोल्लम: केरल के कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) हॉस्टल में गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रही थीं और हॉस्टल में ही रह रही थीं। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की सैंड्रा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप में हुई है। सैंड्रा एथलेटिक्स की ट्रेनी थी और 12वीं में पढ़ रही थी, जबकि वैष्णवी कबड्डी खिलाड़ी थी और क्लास 10वीं की छात्रा थी। घटना से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि जब बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो छात्रावास के अधिकारियों ने दरवाजा तोड़ दिया और कमरे में दोनों लड़कियों को छत के पंखों से लटका हुआ पाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक प्लेयर एथलेटिक्स तो दूसरी थी कबड्डी की प्लेयर

## हैपी मॉर्निंग

चिंटू: इंसान को ना दूसरों की मदद करनी चाहिए।
मिंटू: भाई मुझे 10 हजार रुपये चाहिए थे।
चिंटू: आप अपने हो भाई, दूसरों की मदद करनी चाहिए।

मुंबई में BMC चुनाव के चलते शेयर और करंसी मार्केट बंद रहे।

## मौसम

अधिकतम तापमान 19.5°

2.9° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त शुक्रवार 5:47 | सूर्योदय शनिवार 7:15

कुछ जगह शीतलहर की स्थिति, मध्यम से घना कोहरा रह सकता है।

*12 + 4 गाजियाबाद टाइम्स
*12 + 6 नोएडा टाइम्स

## घर खरीदारों के पैसे की ‘सुरक्षा’ नहीं, केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा: जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की टेकओवर योजना के क्रियान्वयन में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश कर प्रॉजेक्ट के लिए मिला पैसा दूसरी कंपनियों में लगाया गया। ED ने दिल्ली पुलिस की EOW में टेकओवर करने वाले सुरक्षा समूह की दो कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। यमुना एक्सप्रेसवे के टोल का पैसा भी दूसरी जगह लगाने का आरोप है। करीब 20 हजार घर खरीदार और 7 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। यह मामला जेपी समूह के पूर्व प्रबंधन के खिलाफ चल रही ED की कार्रवाई के बाद आया है। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

पैसा डायवर्ट, दो कंपनियों पर ED का शिकंजा

# बीमार ऐस्ट्रोनॉट को धरती पर लाने का पहला मिशन



■ इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन से पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को इमरजेंसी में धरती पर लाना पड़ा। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल से यह मिशन पूरा हुआ।

■ अमेरिका, रूस, जापान के ये चार ऐस्ट्रोनॉट गुरुवार को कैलिफोर्निया से लगे प्रशांत तट में उतरे। इनमें एक बीमार था। ▸▸ पेज 4

### सियासत तेज विपक्ष ने लगाया सरकार पर आरोप, चुनाव आयोग बोला- झूठा विमर्श फैलाने वालों पर करेंगे केस

# महाराष्ट्र निकाय चुनावों में ‘पक्की’ स्याही मिटाने के कई विडियो वायरल, आयोग कर रहा जांच

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महाराष्ट्र में गुरुवार को BMC समेत 29 निकायों के लिए वोटिंग हुई। मतदान करने पर वोटर्स की उंगली पर लगने वाली पक्की स्याही छूटने के कई विडियो भी वायरल हुए। इसपर महाराष्ट्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त (SEC) दिनेश वाघमारे ने कहा कि उंगलियों पर लगाई गई स्याही मिटाये जाने के वायरल विडियो की जांच चल रही है और झूठा विमर्श फैलाने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा। कोरेस कंपनी की मार्कर स्याही 2011 से इस्तेमाल की जा रही है। स्याही की रासायनिक संरचना भी सही है। मार्कर कलम के अनुभव को देखते हुए, अगले महीने होने वाले जिला परिषद चुनावों में ‘पक्की’ स्याही का इस्तेमाल किया जाएगा।

कांग्रेस की मुंबई इकाई की नेता और लोकसभा सदस्य वर्षा गायकवाड ने पार्टी सहयोगी का एक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे उंगली से स्याही मिटाने को एसीटोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। वर्षा गायकवाड ने कहा, क्या बीएमसी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रही है? ऐसे ही एक टीवी चैनल के पत्रकार ने पनवेल में वोट डालने के बाद स्टूडियो पहुंचकर एसीटोन से स्याही मिटाने का विडियो पोस्ट किया है।

आयोग को हर बात के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते। अगर कोई स्याही मिटाकर दोबारा मतदान करने की कोशिश करता पाया गया, तो कानूनी कार्रवाई होगी। - दिनेश वाघमारे, कमिश्नर, SEC



### विपक्ष ने की SEC के निलंबन की मांग

एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे ने राज्य चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए दावा किया कि सरकार चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। वोट डालने के बाद उंगली पर लगी स्याही को सैनिटाइजर से आसानी से मिटाया जा सकता है। सत्ता के दुरुपयोग की भी एक सीमा होती है। शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए SEC दिनेश वाघमारे के निलंबन की मांग की। आयोग, सरकार में मिलीभगत का आरोप लगाया। ▸▸ पेज 4

# बरेली में अवैध निर्माण पर नगर निगम करेगा बुलडोज़र कार्रवाई

## 300 घरों को पहचाना गया, खुद से तोड़ने के लिए दिया गया है समय

AI Image

3 मिनट में पढ़ें NBT



■ NBT रिपोर्ट, बरेली

संभल की तरह अब बरेली जिले में भी अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगी। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 300 घरों को नगर निगम की टीम ने पहचान कर लाल निशान लगा दिए हैं। अफसरों ने इन लोगों को अंतिम चेतावनी जारी कर खुद तोड़ने की मोहलत दी है। साथ ही कहा कि नगर निगम अगर अवैध निर्माण हटाएगा तो उसका खर्च अतिक्रमण करने वालों से ही वसूला जाएगा।

बरेली नगर निगम के अफसरों के मुताबिक बरेली शहर के सीबीगंज क्षेत्र के खलीलपुर रोड पर अतिक्रमण किया गया है। जबकि यहां रह रहे लोगों का कहना है कि उनके परिवार करीब सौ साल से इन मकानों में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर इन मकानों को बनाया है। नगर निगम ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण में जगह कम होने के कारण कार्रवाई की जा रही है। लोगों का कहना है कि सड़क पहले से ही 12 मीटर चौड़ी है। किनारे पर पक्का नाला बना हुआ है। ऐसे में सड़क को बेवजह चौड़ा कर लोगों को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। मकानों में रहने वाली महिलाओं का कहना है कि अगर बुलडोजर चला तो वह परिवार सड़क पर आ जाएंगे। प्रभावित परिवारों ने कहा कि मकान तोड़ने से पहले सरकार पुनर्वास की व्यवस्था करे और मुआवजा दे। उनका कहना है कि अगर यह जमीन सरकारी है, तो 100 साल से तक निगम के अफसर कहां सोये हुए थे? बिजली के कनेक्शन, पानी के बिल और हाउस टैक्स तक वह दे रहे हैं। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से संबंधित कार्रवाई को रोकने की मांग की है।

### 100 सालों से परिवार रह रहा है यहां: पीड़ित

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 300 घरों को नगर निगम की टीम ने पहचान कर लाल निशान लगा दिए हैं। अफसरों ने इन लोगों को अंतिम चेतावनी जारी कर खुद तोड़ने की मोहलत दी है। साथ ही कहा कि नगर निगम अगर अवैध निर्माण हटाएगा तो उसका खर्च अतिक्रमण करने वालों से ही वसूला जाएगा। बरेली नगर निगम के अफसरों के मुताबिक बरेली शहर के सीबीगंज क्षेत्र के खलीलपुर रोड पर अतिक्रमण किया गया है। जबकि यहां रह रहे लोगों का कहना है कि उनके परिवार करीब सौ साल से इन मकानों में रह रहे हैं।

## सहारनपुर: युवक पर अपने ही घर में चोरी का आरोप, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: सहारनपुर पुलिस ने बुधवार को एक युवक और उसके दोस्त को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोप है कि युवक दोस्त के साथ मिलकर अपने ही घर से 20 लाख की ज्वेलरी चुराई। जानकारी के मुताबिक, मामला थाना मंडी निवासी रईस आलमद के घर का है। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर से चोरों ने ताला तोड़कर ज्वेलरी चुरा ली। थाना मंडी पुलिस मामले की जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 62 फुटा रोड से दो आरोपियों साउद और मोइनुद्दीन को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ज्वेलरी बेचने जा रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसे की जरूरत थी इसलिए उन्होंने चोरी की। चोरी के बाद दोनों ने जेवरात आपस में बांट लिए।

## सहारनपुर में रेलवे ट्रैक पर मिला दलित युवक का शव

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: सहारनपुर में रेलवे ट्रैक पर एक दलित लड़के का शव मिला है। शव बोरी में बंद था। लोको पायलट ने पटरी पर संदिग्ध बोरा देख इसकी सूचना रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बोरा खुलवाया। बोरे में एक युवक का शव था। रेलवे अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर देवबंद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया। किशोर के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या उसके दोस्त के परिजनों ने की है। मृतक के पिता ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। देवबंद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी रूपचंद ने बताया कि उनका बेटा मयंक (14) कक्षा 9 का छात्र था। उसका कॉलेज में अपनी ही जाति की एक किशोरी दोस्त थी। बुधवार रात मयंक के मोबाइल पर फोन आया था। मयंक फोन पर बात करने के बाद घर से बाहर चला गया था। काफी देर तक मयंक घर नहीं आया। कॉल भी रिसीव नहीं किया। काफी तलाश के बाद इसकी सूचना थाना देवबंद पुलिस को दी गई।

**मृतक के पिता ने पांच लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई**

## आर्थिक तंगी से परेशान होकर युवक ने की आत्महत्या: परिजन

■ NBT रिपोर्ट, रामपुर: रामपुर जिले के मोहल्ला स्वार खास में गुरुवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव की पहचान जुल्फिकार अली के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जुल्फिकार अली आर्थिक तंगी और बच्चों की गंभीर बीमारी से परेशान थे। वह गुरुवार सुबह करीब छह बजे फज्र की नमाज अदा करने मस्जिद गए थे। उसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों के कॉल करने पर कॉल रिसीव नहीं हुआ। राहगीरों ने पेड़ से लटका शव देख जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। मृतक के बेटे अयान ने पुलिस को बताया कि पिता जुल्फेकार बकरे खरीदने और बेचने का काम करते थे, जिससे परिवार का गुजारा चलता था।




## सहारनपुर में एक नशा तस्कर अरेस्ट

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: सहारनपुर पुलिस ने बुधवार को गंगोह थाना क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 26 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत पांच लाख बीस हजार रुपये बताई जा रही है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने आलमपुर पैराडे के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। जेब से अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास उर्फ साहिल के रूप में हुई।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रवेश पत्र के साथ अब आधार भी ज़रूरी

AI Image




■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/बरेली

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के नियमों में बदलाव किया गया है। नकल मुक्त परीक्षा कराने के दावे के साथ नया नियम लागू किया गया है। इस बार परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड परीक्षा केंद्र पर लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों में एंट्री तभी मिलेगी जब प्रवेश पत्र और आधार कार्ड दोनों होंगे। इस बार शारीरिक जांच के साथ डिजिटल निगरानी भी होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर CCTV कैमरे लगेंगे। इनकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से होगी। परीक्षा केंद्रों की लोकेशन और वहां होने वाली हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए केंद्रों की जियो टैगिंग कराई गई है। संवेदनशील और अति-संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती होगी। यूपी बोर्ड के बरेली के क्षेत्रीय सचिव मुन्ने अली ने मीडिया को बताया कि तकनीक के इस्तेमाल और आधार की अनिवार्यता से फर्जीवाड़े की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। नकल मुक्त परीक्षा कराना प्राथमिकता है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 18 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों की तरफ से स्कूलों में आंतरिक सचल दलों का गठन किया जा रहा है। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा गया है कि प्रत्येक केंद्र पर एक आंतरिक निरीक्षण दस्ता बनाया जाए। हर दस्ते में कुल तीन सदस्य होंगे। एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य है। जिस विषय की परीक्षा होगी, उस दिन उस विषय के शिक्षक को सचल दल का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। इसी के साथ परीक्षा केंद्र के अंदर पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन तलाशी होगी। परीक्षा कक्ष के भीतर केवल सचल दल के सदस्य, पर्यवेक्षक या राजपत्रित अधिकारी ही प्रवेश कर सकेंगे।

## ताजमहल में गुसल की रस्म के साथ शुरू हुआ शाहजहां का 371वां उर्स



■ NBT न्यूज, आगरा: ताजमहल में गुरुवार को मुगल बादशाह शाहजहां का 371वां तीन दिवसीय उर्स शुरू हो गया। मुख्य गुंबद के तहखाने में स्थित शाहजहां-मुमताज की असली कब्र खोली गई। शुरुआत गुसल की रस्म (कब्रों पर चंदन का लेप) के साथ हुई। ASI और उर्स कमेटी ने फूलों की चादर चढ़ाई। उर्स के दौरान शाहजहां और मुमताज की असली कब्रों को टूरिस्ट देख सकेंगे। यह कब्रें केवल उर्स में ही तीन दिन के लिए खोली जाती हैं। उर्स में पहले और दूसरे दिन दोपहर 2 बजे से और तीसरे दिन सुबह से शाम तक टूरिस्ट को एंट्री फ्री मिलेगी। आखिरी दिन 17 जनवरी को चादरपोशी होगी। सर्व धर्म सद्भाव की प्रतीक एक 1620 मीटर लंबी सतरंगी चादर उर्स आयोजन कमेटी की ओर से चढ़ाई जाएगी और देश में खुशहाली के लिए दुआ मांगी जाएगी।

## चंद्रशेखर आजाद के करीबी पर फायरिंग का आरोपी अरेस्ट

AI Image



■ NBT न्यूज, मेरठ: आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य और नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद के करीबी संजय हरित पर बुधवार को हुई फायरिंग का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में आसपा के एक और संस्थापक सदस्य सागर और उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पार्टी कार्यक्रम में भरे मंच से बेइज्जत किए जाने से नाराज होकर सागर ने इस घटना को अंजाम दिया था।

बता दें कि सुशांत सिटी निवासी संजय सिंह आजाद समाज पार्टी में राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य हैं। साथ ही वह ट्यूबवेल टेक्नीशियन के पद पर भी तैनात हैं। बुधवार सुबह संजय अपनी स्कॉर्पियो से काम पर जा रहे थे। इसी दौरान परतापुर थाना क्षेत्र में पूठा रेलवे लाइन के नजदीक गुनाज नर्सरी के पास बाइक सवार तीन हमलावरों ने संजय की स्कॉर्पियो पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें संजय बाल-बाल बचे थे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की छह टीमों को लगाया गया था।

**एडेलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
सिन – U67100MH2007PLC174759
Edelweiss Asset Reconstruction
पंजीकृत कार्यालय: एडलवाइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कलिना, मुंबई ४०००९८, +९१ २२ ४१८३ ०६००

परिशिष्ट IV-A | [नियम ८(६) का प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना**

**वित्तीय हित (प्रवर्तन) नियम २००२ के प्रावधान ८ (६) के सपठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम २००२ अंतर्गत अचल संपत्तियों के ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना।**

एतद्वारा सर्वसाधारण जन को सामान्य रूप से एवं कर्जदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित (**प्रत्याभूत संपत्तियां**) अचल संपत्तियां एडेलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (ईएआरसी ट्रस्ट एसजी ३७७) (ईआरसी) के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत है के पास बंधक है एवं उसका अधिपत्य ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक २८.०९.२०२२ (क्रमांक ०१) एवं दिनांक २५.११.२०२५ (क्रमांक ०२) को प्राप्त कर लिया गया था एवं जिसे ई–नीलामी एजेंसी मे. ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिस लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) द्वारा उनके वेबसाइट /पोर्टल **https://edelweissarc.auctiontiger.net** पर दि. १८.०२.२०२६ **को दोपहर १२.०० बजे से १.०० बजे के बीच प्रति ५** मिनट के असीमित विस्तारण द्वारा, यदि ई–नीलामी बंद होने से पूर्व बोली की जाती है, माध्यम से ई–नीलामी द्वारा विक्रय किया जाता है, प्रत्याभूत लेनदार क्रमशः रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड (**ऋणी**), मैजेस्टिक गोल्फ सिटी प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**), ब्यूटन फार्म्स प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी / बंधककर्ता**), सालीना बूडल प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**), रियाल्स फैब्रिक्स लिमिटेड (**सहऋणी/ बंधककर्ता**), एके बिल्डवेल प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**), रहेजा आइकॉन इंटरप्राइज प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**) ए.ए. बिल्डवेल प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**), रहेजा होम्स लिमिटेड (**सहऋणी / बंधककर्ता**), कोबेट फार्म्स प्रायवेट लिमिटेड (**सहऋणी/बंधककर्ता**), नयन रहेजा (**व्यक्तिगत जमानतदार**), निखिल रहेजा (**व्यक्तिगत जमानतदार**), नवीन रहेजा (**व्यक्तिगत जमानतदार**) से ईएआरसी को देय आगामी ब्याज, लागत तथा व्यय सहित ईएआरसी को २१.०८.२०२५ को देय रु. १६७७,५२,८५,८०७ /– (**रुपए एक हजार छः सौ सतहत्तर करोड़ बावन लाख पिचासी हजार आठ सौ सात केवल**) के कुल राशि की वसूली हेतु जहां है, जैसा है तथा जैसा भी हो आधार पर ई–नीलामी के माध्यम से विक्रय कर दिया जाएगा।

ई–नीलामी में रखी गई संपत्तियों का विस्तृत विवरण, आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि का विवरण इस प्रकार है– (करोड़ रुपये में)

| क्रमांक | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा |
|---|---|---|---|
| १ | ग्राम हमीरपुर तहसील व जिला गुरुग्राम, हरियाणा स्थित राजस्व रेकॉर्ड्स अनुसार ३४९ कनाल ०३ मारला (४३.७० एकड़ के समकक्ष (अंदाजा) का अंशतः एवं संपूर्ण भूभाग जिसका विस्तृत विवरण निम्नांकित तालिका में दिया है साथ ही वर्तमान एवं भावी संरचना शामिल है। (तालिका नीचे) संपत्तियां रियाल्स फैब्रिक्स लिमिटेड जिसे पूर्व में रहेजा एसईजेड लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, के स्वामित्व एवं बंधकत्व में है। | ८२.१३ | ८.२१३ |
| २ | हरियाणा राज्य, भारत के गुरुग्राम जिले के सोहना में, सोहना रोड, गांव रायपुर, सेक्टर ११ में स्थित प्रोजेक्ट रहेजा महेश्वरा में ५.१८११४ एकड़ जमीन का पूरा टुकड़ा, जिसमें रहेजा आइकॉन एंटरप्राइज प्रायवेट लिमिटेड से संबंधित सभी वर्तमान और भविष्य की इमारतें और संरचनाएं शामिल हैं, और जिसका विवरण नीचे दिया गया है: (तालिका नीचे) | ५२ | ५.२० |

क्रमांक १ की तालिका:

| खेवट/खाता नंबर | क्षेत्रफल (एकड़ में) | गांव |
|---|---|---|
| खेवट/खाता नंबर ४१/६८, मुस्तातिल नंबर १, किल्ला नंबर १७(१-१९), २२(७-१०), २५(८-०), मुस्तातिल नंबर ३, किला नंबर८(८-०), १२(८-०), १३(८-०), १४ (८-०), १५ (८-०), १६(८-०), १७(८-०), १८(८-०), १९(८-०), २२ (८-०), २३ (८-०), मुस्तातिल नंबर १२, किला नंबर ६(८-०), ७ (८-०), ८ मिन (१-७), ९/१ (६-०), १/२ (२-०), १०(७-१८), ११(७-१२), १२(८-०), १८ मिन (६-१३), १९ (६-१४), २३(७-१३), २४(८-०), २५ (८-०), मुस्तातिल नंबर १३, किला नंबर ४(१-५), ५(७-७), ६(२-०), मुस्तातिल नंबर १४, किला नंबर ४(१-१०), मुस्तातिल नंबर १६, किला नंबर ६ मिन (२-१९), १५(१-८), २२ (८-०), २३ ८-०), मुस्तातिल नंबर २५, किला नंबर १ (८-०), २(८-०), ३ मिन (६-३), ४ मिन (१-१६), ९ (८-०), खेवट/खाता नंबर ३२/७० मुस्तातिल नंबर २६, किला नंबर २१ मिन (१-८) | ३२.६४० | हमीरपुर |
| खेवट/खाता नंबर ६ मिन, मुस्तिलिल नंबर १८//किला १८/२(२-१३), १९/१ (०-८), ३ कनाल १ मरला, खेवट/खाता नंबर ७ मिन, मुस्तिलिल नंबर १८// किला नं.१९/२(२-१३), २७/१/२(२-१३), मुस्तिलिल नं.१९// किला नं २०/२ (२-१३) कुल ७ कनाल १९ मरला, खेवट/खाता नं ५/५, मुस्तिलिल नं.१९// किला १६ मिन दक्षिण (२-१३), १७ मिन दक्षिण (२-१३), १८ मिन दक्षिण(२-१३), १९/१ मिन दक्षिण (२-१३), मुस्तिलिल नं. २०// किला २०/१ मिन दक्षिण (१-०) कुल ११ कनाल १२ मरला कुल योग २२ कनाल १२ मरला | २.८२५ | वजीरपुर |
| खेवट/खाता नंबर ६९/५२, १६// २५ मिन पूर्व (१-८), २४// ६/२ (५-४), ७ मिन उत्तर (२-१३), ८ मिन उत्तर (२-१३), ९ मिन उत्तर (२-१३), १० मिन उत्तर (२-१३) २५// ५ मिन पूर्व (१-८), ५ मिन दक्षिण (१-५), ६ मिन उत्तर पूर्व (०-९) कुल २० के ६ एम | २.५३८ | हमीरपुर |
| खेवट/खाता नंबर १३७/१६०/२, ४//२२(७-८) | ०.९२५ | खोलासाम |
| खेवट/खाता नंबर १३६/१४८/१, ४//२४ मिन दक्षिण (२-०), २५ मिन दक्षिण (२-०), १४// ४/१ (३-२), ७/२(४-८) | १.४३७ | खोलासाम |
| खेवट/खाता नंबर १३९/१५२/८, २// २२(८-२) | १.०१२ | खोलासाम |
| खेवट/खाता नंबर ५४/६४,१०//११ मिन पश्चिम (२-८), खेवट/खाता संख्या ५२/६१, १०//२२ मिन पश्चिम (२-८) कुल भूमि ४ कनाल १६ मरला | ०.६०० | हमीरपुर |
| खेवट/खाता नंबर ५०/६०, १६// २/१(२-८), ७/१ (२-१३), ८/१ (२-१३), ९/१ (२-१३) कुल भूमि क्षेत्रफल १०केएम | १.२९३ | हमीरपुर |
| कुल भूमि क्षेत्रफल | ४३.७० | |

क्रमांक २ की तालिका:

| गांव | रेक्ट.नं. | किल्ला नं. | क्षेत्रफल (के-एम-एस) |
|---|---|---|---|
| रायपुर (सेक्टर ११, सोहना रोड, गांव रायपुर, सोहना, जिला गुरुग्राम, हरियाणा) | २५ | ३ मिन | ०-१०-० |
| | | ८ मिन | ५-१२-० |
| | | ९ मिन | ७-०-० |
| | | १० मिन | ७-०-० |
| | | ११ मिन | ७-१४-१ |
| | | १२ | ८-०-० |
| | | १३/१ मिन | ३-१८-३ |
| | | १९ मिन | १-१२-० |
| | | २० मिन | ०-२-६ |
| | | कुल | ४१-९-१ |
| | | अथवा ५.१८११४ एकड़ | |

| ई–नीलामी की समय–सीमा |
|---|
| **कार्यस्थल निरीक्षण :–** २८.०१.२०२६ को सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे के बीच |
| **दस्तावेज सत्यापन :–** १४.०२.२०२६ को शाम ५:०० बजे तक मुंबई में अपॉइंटमेंट लेकर। |
| **बोली दस्तावेज खरीद :–** १६.०२.२०२६ को शाम ५:०० बजे तक या उससे पहले एओ के ईमेल पर अनुरोध द्वारा |
| **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि :–** १७.०२.२०२६ को दोपहर २:०० बजे तक |
| **बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि:–** १७.०२.२०२६ को शाम ५:०० बजे तक |
| **ई–नीलामी प्रारंभ :–** १८.०२.२०२६ को दोपहर १२ बजे से दोपहर १:०० बजे तक |
| **बैंक विवरण :– खाता नाम:** ईएआरसी ट्रस्ट एसजी–३७७, **बैंक का नाम:–** आईसीआईसीआई बैंक **खाता संख्या :–**०००४०५११८२५४, **आईएफएससी कोड संख्या:–** आईसीआईसी००००००४, **बैंक शाखा:–** नरीमन पॉइंट |
| **प्राधिकृत अधिकारी विवरण:–** meghraj.deshmukh@edelweissarc.in, **मोबाइल:–** +९१ ७५०६६४२५३४ |
| **अतिरिक्त ईमेल एवं संपर्क :–** ruchi.shah@edelweissarc.in, varinder.kumar@edelweissarc.in |

ई–नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया EARC की वेबसाइट **www.edelweissarc.in/Propertysale** पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

दिनांक: १६.०१.२०२६
स्थान: मुंबई
प्राधिकृत अधिकारी
फोन नंबर: +९१ ७५०६६४२५३४

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं0: DCE-BL-03-04-2026

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमन्त्रित करते है

**क्र0सं0 1:–** ई–निविदा सं0– **DCE-BL-03-2026,** कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल पर स्थित पुल सं0–172DN (5x18.3m), 8, 57, 59DN (3X12.20m), 9(3x12.20m) 1UP (3X12.2), 3UP (3X12.20m), 178UP, 82DN, 59UP (3X12.20), 120UP, 125DN, 172UP (5x72.20m), 68UP, 9DN, 17DN, 2, 1DN, 3DN, 39UP, 59UP, 66UP पर स्लाइड पाथवे का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 4,80,22,118.21, बयाने की राशि: ₹ 3,90,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि – 18 (अठ्ठारह) माह।

**क्र0सं0 2:–** ई–निविदा सं0– **DCE-BL-04-2026,** कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल पर स्थित पुल सं0–133UP, 149UP, 160UP, 172UP (6x12.2m), 173UP (5x12.2m), 38, 59UP (2X12.20), 61 UP, 171UP (2x18.30m), 97DN, 103DN, 133DN, 32, 56/71, 112DN 173 (5x12.20m), 171DN(2x18.30m), 5, 5UP, 5DN, 9 (1x24.40m), 11, 35/37, 38/41, 48 /59, 65, 16 पर स्लाइड पाथवे का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 4,72,89,599.93, बयाने की राशि: ₹ 3,86,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि – 18 (अठ्ठारह) माह।

ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 06.02.2026 को 11.00 बजे। ई–निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 06.02.2026 को 10.59 बजे। ई–निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन
मुजाधि/ इब्लू–417 गोरखपुर

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना सं. 05/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर–लालकुआं अनुभाग में फ्लैश बट वेल्डिंग का उपयोग करते हुए टी.आर.आर. (पी.)–57.6 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस.)–19 सेट का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 9,97,70,200.85, बयाना राशि रूपयों में ₹ 6,48,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: बरेली सिटी स्टेशन पर 12 ब्रू कम के साथ रनिंग रूम का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 1,94,42,365.84, बयाना राशि रूपयों में ₹ 2,47,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।

(1) ई–निविदा दिनांक 06-02-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
(2) ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इन्जी.),
मुजाधि/ इब्लू-415 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
IRCON
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ईओआई सूचना**

ईओआई सं.: IRCON/BD/NFR/EOI/2026 दिनांक: 14.01.2026

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, ... "... का सूचीकरण" के कार्य हेतु ... आमंत्रित की जाती है–

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 29.61 करोड़ |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 20.01.2026 को 15.00 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए कृपया ई–टेंडर वेबसाइट: https://etenders.gov.in/eprocure/app पर विजिट करें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक/एस एंड टी, सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
बाह्य प्रचार एवं सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग
कमरा नं. 255, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली–110001
फोन नं. 011-23381719/ई–मेल: popms@mea.gov.in

संदर्भ: K/PMS/308/46/2025 दिनांक: 16/01/2026

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

विदेश मंत्रालय (एमईए) की 46वीं पुस्तक खरीद समिति एमईए और विदेशों में स्थित मिशनों/पोस्टों द्वारा पुस्तकालयों और प्रचार उपयोग के लिए पुस्तकों की खरीद करेगी।

2. नियम और शर्तें, पात्रता मानदंड और पुस्तकों तथा अन्य आवश्यकताओं का विवरण वेबसाइट: www.mea.gov.in पर देखा जा सकता है।

3. इस संबंध में, प्रकाशक/आपूर्तिकर्ता/वितरक अपनी पुस्तकें पीडी(पीएमएस), कमरा नं. 255, शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110001 को दिनांक 16.02.2026 को दोपहर 1500 बजे तक जमा कर सकते हैं।

हस्ताक्षर/-
(गौरव कुमार)
प्रचार अधिकारी (पीएमएस)

CBC 14101/11/0025/2526

दिल्ली शिक्षा निदेशालय
दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार
शिक्षा निदेशालय: पुराना सचिवालय: दिल्ली
(राजपत्रित अधिकारी प्रकोष्ठ)

शिक्षा निदेशालय, दिल्ली स्कूल ट्रिब्यूनल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में पीठासीन अधिकारी के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। न्यायिक सेवा के इच्छुक सेवारत/सेवानिवृत्त उम्मीदवार, जिन्होंने जिला न्यायाधीश या किसी समकक्ष न्यायिक पद पर कार्य किया हो, पीठासीन अधिकारी, डीएसटी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

नोट:- इच्छुक उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट पर नीचे दिए गए लिंक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

https://www.edudel.nic.in>Public circular.

उप शिक्षा निदेशक (जीओसी)

DIP/Shabdarth/Classified/0405/25-26

**गुमशुदा की तलाश**


कोमल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की नाम **कोमल** पुत्री श्रवण कुमार, निवासी- मकान नंबर ई-19, नवजीवन कैंप गोविंदपुरी, नई दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 21.07.2017 से गोविंदपुरी, नई दिल्ली से गुमशुदा है। इस संबंध में **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 288/2017 दिनांक 23.07.17 पुलिस थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा लड़की का विवरण इस प्रकार है:

**नाम:** कोमल, **लिंग:** लड़की, **उम्र:** 14 वर्ष, **ऊँचाई:** 4'3" ft, **रंग:** गेहुँआ, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** अंडाकार, **पहनावा:** नीले रंग का टॉप और जींस पैंट और पैरों में चप्पल। यदि किसी के पास इस गुमशुदा लड़की के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी/गोविंदपुरी, नई दिल्ली को सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/656/SE/2026

थाना प्रभारी
थाना, गोविंदपुरी, नई दिल्ली
फोन नं. 8750870932, 8010704834

दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन
छठा तल, बी. विंग, विकास भवन–2, सिविल लाईन्स
नई दिल्ली–110054 – दूरभाष 011–23812902/03

F1-13/2/2020-Estt./


**रिक्रूटमेंट नोटिस**

दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन पी.एम. अभीम में मेडिकल ऑफिसर (Medical Officer) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आमंत्रित कर रहा है। साक्षात्कार से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 30 जनवरी 2026 है। नियुक्ति पूरी तरह अनुबंध के आधार पर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नीति के अनुसार होगी। पदों के विवरण, पात्रता और साक्षात्कार की तारीख और रजिस्ट्रेशन के लिंक के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://dshm.delhi.gov.in पर जाएं।

कृते
मिशन निदेशक
दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन

DIP/Shabdarth/Classified/0404/25-26


## महानगर में आज



**बांसेरा : ग्लोबल सुर**
बांसेरा पार्क में 11वां इंडिया 'इंटरनैशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल', सराय काले खां, शाम 4 बजे से। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस (ICCR) के इस फेस्ट के साथ कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, मलेशिया, और भारत सहित आठ देशों के कलाकार अलग-अलग विधाओं, सुर और लय से सजी प्रस्तुति देंगे। आज फेस्ट का आगाज एल. सुब्रमण्यम और कविता कृष्णमूर्ति की सुरीली जोड़ी करेगी।

**स्मरण विमर्श**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'पलिम्प्सेस्ट : रीकलेक्टिंग द सेल्फ', त्रिवेणी गैलरी, तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। आर्टिस्ट साहिल जुनेजा की सोलो आर्ट एग्जिबिशन 17 जनवरी तक दर्शकों के बीच होगी।

**चुप्पी**



बीकानेर हाउस में आर्ट एग्जिबिशन 'द इलस्ट्रेटेड साइलेंस', पंडारा रोड, इंडिया गेट के पास, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। जयपुर की कलाकार मोनिका शारदा की इस सोलो एग्जिबिशन के साथ कई खूबसूरत आर्टवर्क निहारे जा सकते हैं। इस शो के क्यूरेटर जॉनी एमएल हैं।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

# LNJP में लिफ्ट बंद, सीढ़ी से आने-जाने में फूली सांसें

## 30 घंटे से भी ज्यादा समय से ऑर्थो ब्लॉक की लिफ्टें बंद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एलएनजेपी अस्पताल** के ऑर्थो ब्लॉक की सभी लिफ्ट जर्जर हालत में हैं, बंद पड़ी हुई हैं। इससे मरीजों और तीमारदारों के साथ डॉक्टरों और कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लिफ्ट बंद होने का सबसे ज्यादा असर इमरजेंसी मामलों पर पड़ रहा है। जिन मरीजों को तुरंत कार्डियोलॉजी विभाग, सीटी स्कैन या अन्य जरूरी टेस्ट कराने होते हैं, उन्हें ऑर्थो वॉर्ड से दूसरी जगह तक ले जाना बेहद मुश्किल हो गया है। कई बार मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर पर सीढ़ियों से ले जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी हालत बिगड़ने का खतरा बना रहता है।

ऑर्थो ब्लॉक में करीब सात फ्लोर हैं, जिनमें से छह फ्लोर पर सेवाएं जारी हैं। पांचवीं और छठी मंजिल पर ज्यादातर मरीज भर्ती हैं। एक कर्मचारी ने बताया कि इस ब्लॉक में करीब छह लिफ्टें हैं। एक या दो लिफ्टें सामान्य दिनों में चलती हैं, लेकिन पिछले करीब 30 घंटे से सभी लिफ्टें बंद पड़ी हुई हैं। तीमारदारों का कहना है कि सीढ़ियां चढ़ते उतरते पसीने छूट जाते हैं, लेकिन मजबूरी में यही रास्ता अपनाना पड़ रहा है। डॉक्टरों और नर्सों को भी परेशानी हो रही है। इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान ग्राउंड फ्लोर से पांचवीं मंजिल तक समय पर पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिसका सीधा असर मरीजों की देखभाल पर पड़ रहा है।



मरीजों को ऑर्थो वॉर्ड से तुरंत दूसरी जगह तक ले जाना बेहद मुश्किल हो गया है

### अस्पताल प्रशासन का ये है दावा

एलएनजेपी के मीडिया प्रभारी का कहना है कि लिफ्ट खराब नहीं है, बल्कि आउटडेटेड हो चुकी है। नई लिफ्ट लगाने का टेंडर हो चुका है। उम्मीद है कि कल से काम शुरू हो जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि गुरुवार को एक लिफ्ट चालू करा दी गई है।




**तीमारदारों की बढ़ी दिक्कतें:** मुस्तफाबाद के मोहम्मद अब्बास बताते हैं कि उनके मामा छत से गिर गए थे। पिछले तीन दिन से ऑर्थो ब्लॉक के 5वें फ्लोर पर भर्ती हैं। वह चलने में असमर्थ हैं। उन्हें सीढ़ियों से जाना पड़ रहा है।



**स्ट्रेचर खींचते-खींचते पसीने छूट गए:** ब्रह्मपुरी के मेहर बताते हैं कि उनके चाचा का इलाज ऑर्थो ब्लॉक में चल रहा है। लिफ्ट खराब होने से उन्हें स्ट्रेचर के जरिए रैंप से उन्हें 5वीं मंजिल तक ले जाने में पसीने छूट गए।

# नर्सरी एडमिशन: आज मार्क्स लिस्ट जारी करेंगे स्कूल




AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों आज बच्चों की मार्क्स लिस्ट जारी करेंगे। एडमिशन क्राइटेरिया के 100 पॉइंट फॉर्मूले के हिसाब से नर्सरी समेत केजी और क्लास 1 के उम्मीदवारों को कितने मार्क्स मिले हैं, यह इस लिस्ट में दिया जाएगा। पैरेंट्स स्कूलों की वेबसाइट में इसे देख सकते हैं, इस हिसाब से उन्हें आइडिया मिलेगा कि किन स्कूलों में उनके बच्चे का चांस है। अगर पैरेंट्स को इस लिस्ट में कुछ गड़बड़ी लगती है, तो वो स्कूल से संपर्क कर सकते हैं।

**23 जनवरी को आएगी एडमिशन लिस्ट**

हर स्कूल ने दिल्ली शिक्षा निदेशालय के दिशानिर्देश पर एडमिशन के लिए अपने पैमाने तय किए हैं मसलन स्कूल से घर की दूरी, सिबलिंग यानी बच्चे का कोई भाई या बहन पहले से स्कूल में पढ़ता हो, अल्यूमनाई यानी बच्चे का कोई पैरंट या दोनों पैरंट उस स्कूल में पढ़े हों, गर्ल चाइल्ड, पहला बच्चा वगैरह। हर स्कूल ने हर क्राइटेरिया के लिए पॉइंट फिक्स किए हैं, जिन्हें मिलाकर बनता 100 पॉइंट फॉर्मूला। जैसे नेबरहुड के लिए 60 पॉइंट, सिबलिंग के लिए 30 पॉइंट, गर्ल चाइल्ड के लिए 10 पॉइंट। स्कूलों ने बच्चों को इस 100 पॉइंट सिस्टम के हिसाब से मार्क्स देंगे और इसी के तहत एडमिशन लिस्ट बनेगी। मगर नर्सरी दाखिले की रेस में कई स्कूलों में अप्लाई करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या सीटों के मुकाबले काफी ज्यादा होती है। इस वजह से एक ही पॉइंट पर कई स्टूडेंट्स आ जाते हैं और आखिर में स्कूल ड्रॉ करके फैसला लेते हैं। प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन के लिए कई स्कूलों को ड्रॉ का सहारा लेना पड़ेगा क्योंकि इनमें अप्लाई करने वाले बच्चों की संख्या सीटों के मुकाबले 10 से 15 गुना है।




## NHAI ने दिल्ली पुलिस को की 18.41 करोड़ की पेशकश

# धौला कुआं पर जाम खत्म करने का प्लान एक कदम और बढ़ा

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : धौला कुआं फ्लाईओवर के आसपास लगने वाले ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए नारायणा की ओर जाने वाली रोड को 3 लेन का किया जाएगा। रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए एनएचएआई ने दिल्ली पुलिस को पुलिस चौकी को शिफ्ट करने, रीकंस्ट्रक्शन और 752 वर्ग मीटर जमीन के लिए एनएचएआई ने दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन को 18.41 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। पिछले साल 6 नवंबर को हुई मीटिंग में पुलिस अफसरों ने बताया कि बाकी फंड के लिए प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद आगे एनएचएआई को इस संबंध में सूचित किया जाएगा।

**धौला कुआं पुलिस चौकी को किया जाना है शिफ्ट**

धौला कुआं पुलिस चौकी के पास कुल 3136.24 वर्ग मीटर जमीन है, जिसमें से रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए एनएचएआई ने 1300 वर्ग मीटर जमीन की मांग की है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार धौला कुआं एनएच-48 स्थित सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी के पास जो लेफ्ट टर्न है, वहां सुब्रतो पार्क, दिल्ली कैंट या गुड़गांव से आने वाला ट्रैफिक नारायणा की ओर जाता है। इस रोड का दूसरा लूप इंडिया गेट और करोल बाग की ओर जाता है। पुलिस चौकी और मेट्रो पिलर के चलते यहां दशकों से बॉटलनेक बन रहा है। जिसके चलते धौला कुआं फ्लाईओवर पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। समस्या के समाधान के लिए नारायणा की ओर जाने वाली जो रोड की चौड़ाई करीब 100-150 मीटर तक बढ़ाने का प्लान है। लेकिन, यह तभी संभव है जब सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी को थोड़ा पीछे शिफ्ट किया जाए।

अफसरों के अनुसार रोड की चौड़ाई बढ़ाने में 1300 वर्ग मीटर जमीन इस्तेमाल करने के बाद भी यहां 1836 वर्ग मीटर जमीन बच जाएगी। जिस पर पुलिस चौकी का रीकंस्ट्रक्शन किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई ने दिल्ली पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन 18.41 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।

File Photo




# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर किया ब्लैकमेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : न्यू उस्मानपुर में इंस्टाग्राम पर एक युवती ने युवक ने दोस्ती की। युवक युवती से मिलने होटल में गया। वहां पर युवक के साथ युवती ने तस्वीर ली। फिर रेप के मामले में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख की मांग की। मामले को खत्म करने के लिए 1.80 लाख पर सौदा तय हुआ। पीड़ित ने बातचीत का विडियो और ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया। बाद में जब पैसे मांगने के लिए युवती ने कॉल की तो उस कॉल को भी रिकॉर्ड कर लिया। उसके बाद शनिवार को पीड़ित ने न्यू उस्मानपुर थाने में युवती के खिलाफ कंप्लेंट दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस युवती का पता कर रही है।

**न्यू उस्मानपुर थाने में युवती के खिलाफ केस दर्ज**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की शिकायत के मुताबिक, 8 दिसंबर 2025 को युवक को उसके इंस्टाग्राम आईडी पर एक लड़की की आईडी से मैसेज आया। फिर उनके बीच काफी चैट होने लगी। 25 दिसंबर को युवती ने अपने जन्मदिन के बहाने युवक को मिलने के लिए मौजपुर मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। फिर उसे एक कैफे में ले गई। फिर युवक को होटल के एक कमरे में ले गई। वहां पर आधा घंटा समय बीतने के बाद निकल गए। इस दौरान युवती ने युवक के साथ फोटो ले ली। रात को फोन कर उसने बताया कि उसकी फोटो उसकी मां और भाभी ने देख ली है। बाद में युवक को मामला संदिग्ध लगा। तब उसने युवती से दूरी बना ली। इस पर 7 जनवरी की सुबह युवती दो अन्य महिलाओं के साथ पीड़ित के घर आ पहुंची और रेप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। मामले को सुलझाने के लिए 5 लाख रुपये मांगने लगी। युवक डर गया और 50 हजार रुपये भी दे दिए। पूरे मामले को खत्म करने के लिए 1.8 लाख रुपये पर सौदा तय हुआ। लेकिन युवक ने समझदारी दिखा सारा कॉल रिकॉर्ड पुलिस को दे दी।

# चेक बाउंस में नर्स को सज़ा से नहीं मिली राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : द्वारका के एक सेशन कोर्ट ने चेक बाउंस के मामले में सरकारी अस्पताल में काम करने वाली नर्स की अपील खारिज कर दी। अडिशनल सेशन जज (FTC) हिमांशु रमन सिंह ने निचली अदालत की दी गई 2 महीने की सजा और 3.94 लाख रुपये के जुर्माने को सही ठहराया। अपील पर सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि रीना ने चेक पर अपने साइन माने हैं और कर्ज की जिम्मेदारी भी नहीं नकारी। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि मुकदमा 3 साल से ज्यादा चला, लेकिन रीना ने कभी पैसे लौटाने की कोशिश नहीं की। अब तक जुर्माना भी नहीं चुकाया गया।

कोर्ट ने रीना को 20 जनवरी 2026 को निचली अदालत में पेश होने का आदेश दिया है, ताकि वे सजा काट सकें। मामला 2020 का है, जब रीना रानी दास ने अपने दोस्त बलजीत सिंह से 3 लाख रुपये का कर्ज लिया था। बलजीत सिंह एक प्रॉपर्टी डीलर हैं। रीना ने कर्ज चुकाने के लिए दो चेक दिए, लेकिन जब बलजीत ने उन्हें बैंक में लगाया, तो चेक पैसे कम होने के कारण बाउंस हो गए।

# DDA का दावा, 24 घंटे के अंदर ही 60 पर्सेंट फ्लैट्स Sold Out

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कर्मयोगी आवास योजना को जबरदस्त रिस्पॉन्स**

- पहले ही दिन स्कीम से DDA को 450 करोड़ के करीब का रेवेन्यू मिला
- 1BHK के सारे फ्लैट्स खत्म, सरकारी कर्मचारियों के लिए डीडीए ने पहली बार उतारी है स्कीम



**सरकारी कर्मचारियों** के लिए खास तौर पर उतारी गई डीडीए की पहली कर्मयोगी आवास योजना 2025 को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। पहले 24 घंटे में ही इस स्कीम के करीब 60 प्रतिशत फ्लैट्स बिक गए। पहले दिन स्कीम में 684 फ्लैट्स बिके। इससे डीडीए को 450 करोड़ रुपये के करीब का रेवेन्यू मिला है। यह बिक्री मकर संक्रांति के दिन हुई।

स्कीम को मिले इस जबरदस्त रिस्पॉन्स से डीडीए उत्साहित है। डीडीए के अनुसार नरेला के फ्लैट्स पर लोगों को पसंद आने लगे हैं। एलजी वी. के. सक्सेना के नेतृत्व में नरेला में कई सुविधाओं के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप किया गया है।

स्कीम के पहले दिन सभी कैटिगरी के फ्लैट्स को अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन 1BHK को सबसे अधिक रिस्पॉन्स मिला। इस कैटिगरी के फ्लैट्स पूरी तरह बिक चुके हैं। अब इस कैटिगरी में कोई फ्लैट उपलब्ध नहीं है। डीडीए के मुताबिक इसका साफ मतलब है कि अफोर्डेबल फ्लैट्स सबसे अधिक पसंद किए गए। वहीं, रेवेन्यू के लिहाज से 2BHK का सबसे बड़ा योगदान रहा। मध्यमवर्गीय परिवारों को इस कैटिगरी के फ्लैट्स पसंद आ रहे हैं। 3BHK फ्लैट्स को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इससे पता चल रहा है कि अफिसर और बड़े परिवार के बीच इस सेगमेंट के घरों की तलाश जारी है।

यह स्कीम नरेला को ध्यान में रखकर उतारी गई है। नरेला के ट्रांसफॉर्मेशन से यह सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। इस स्कीम के फ्लैट्स की कनेक्टिविटी काफी अच्छी है। यह जीटी करनाल रोड और यूईआर-2 से सीधे जुड़े हुए हैं। वहीं, प्रस्तावित रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर भी इन फ्लैट्स की कनेक्टिविटी को सुधारेंगी। साथ ही नरेला में इंडस्ट्रियल, एजुकेशनल और इंस्टिट्यूशनल हब आ रहे हैं। ऐसे में यहां घर होने से पूरा एक रेजिडेंशल इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। पिछले हफ्ते डीडीए ने IP और दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी को यहां पर उनके नए कैंपस के लिए जमीन हैंडओवर की है।

डीडीए कर्मयोगी आवास योजना-2025 में सेंट्रल और राज्य सरकारों के कर्मचारियों, रिटायर्ड कर्मचारियों, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग, पब्लिक सेक्टर बैंक, लोकल बॉडीज, ऑटोनॉमस बॉडी को सीमित समय के लिए डिस्काउंट रेट पर फ्लैट्स दिए जा रहे हैं। स्कीम में 25 प्रतिशत के करीब डिस्काउंट लगभग सभी कैटिगरी में है। स्कीम पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चल रही है। स्कीम में 31 मार्च 2026 तक बुकिंग की जा सकती है।

# 13 दिसंबर ही क्यों, यह महज़ इत्तेफाक नहीं: HC

## 2023 संसद सुरक्षा सेंध मामले में सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo




**दिल्ली हाई** कोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी की कि 2023 संसद सुरक्षा सेंध मामले में आरोपियों का 13 दिसंबर की ही तारीख को चुनना, जो 2001 के संसद हमले की तारीख जैसी ही है, महज एक इत्तेफाक नहीं हो सकता।

जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने कहा कि संसद हमले के मामले (2001 के) की तारीख क्या है?... यह वही दिन था... उन्होंने वही दिन चुना। कोर्ट यूएपीए मामले में जमानत की मांग कर रहे आरोपी मनोरंजन डी, सागर शर्मा और ललित झा की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

**वकील ने कहा, 2001 के संसद हमले और 2023 मामले के बीच कोई संबंध नहीं है**

कोर्ट ने मनोरंजन के वकील से पूछा कि आरोपी संसद में कैसे घुसे, जिसपर उन्होंने जवाब दिया कि आरोपियों ने बेरोजगारी के मुद्दे को उठाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया था। जब बेंच ने वकील से घटना की तारीख के बारे में सवाल किया, तो वकील ने कहा कि दोनों घटनाओं - 2001 के हमले और 2023 के सुरक्षा सेंध - के बीच कोई संबंध नहीं है। इस पर, जस्टिस सिंह ने टिप्पणी की, यह महज एक इत्तेफाक नहीं हो सकता। दोनों घटनाओं का 13 दिसंबर को ही होना महज एक इत्तेफाक नहीं हो सकता।

मनोरंजन की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट केके मेनन ने वकील ने कहा कि पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर आरोपी को पहले की घटना से कोई लेना-देना नहीं है। वकील ने माना कि अगर गुस्सा था भी, तो आरोपी द्वारा विरोध का चुना गया तरीका गलत था। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह सहमत हूं कि उनका तरीका गलत था, लेकिन साथ ही जब हम आजादी के इतिहास को देखते हैं, तो अंग्रेजों ने भी लोगों को अनिश्चित काल के लिए जेल में नहीं रखा था, खासकर जब आरोप तय नहीं किए गए हों। पिछले दो सालों से, आरोप तय नहीं किए गए हैं और वे (अभियोजन पक्ष) किसी न किसी बहाने से तारीखें ले रहे हैं।

इसके बाद बेंच ने गुलफिशा फातिमा बनाम राज्य मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसमें आतंकवादी हरकत की परिभाषा पर विचार किया गया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों से उक्त फैसले पर विचार करने और उसके बाद अपनी दलीलें पेश करने को कहा। अब इसकी सुनवाई 2 फरवरी को होगी। पिछले साल जुलाई में, एक कोऑर्डिनेट बेंच ने सह-आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी थी।

### बड़ी सुरक्षा चूक


2001 के संसद आतंकी हमले की बरसी पर एक बड़ी सुरक्षा चूक हुई, जब जीरो आवर चल रहा था, तभी दो लोग पब्लिक गैलरी से लोकसभा चैंबर में कूद गए। दोनों की पहचान सागर शर्मा और मनोरंजन डी. के रूप में हुई है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों और वीडियो में, दोनों के हाथ में कैनिस्टर थे जिनसे पीली गैस निकल रही थी। वे नारे भी लगा रहे थे। हालांकि, कुछ सांसदों ने उन्हें काबू कर लिया। दो अन्य आरोपी, जिनकी पहचान अमोल शिंदे और नीलम आजाद के रूप में हुई है, उन्होंने भी संसद परिसर के बाहर इसी तरह के कैनिस्टर से रंगीन गैस छोड़ी। बताया जा रहा है कि वे तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगा रहे थे।

4 अस्पतालों के लिए 4002 पदों को मंजूरी

# चार अस्पतालों में और बेहतर इलाज मिलेगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**दिल्ली सरकार** के चार अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टाफ के 4002 नए पदों को बनाने की मंजूरी मिल गई है। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के इस सिफारिश को मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार के गुरु गोबिंद सिंह, अंबेडकर, संजय गांधी मेमोरियल और दादा देव शिशु चिकित्सालय में बढ़ाए गए 1515 बेड्स के बाद स्टाफ की जरूरत के अनुसार नए पद बनाए गए हैं।

दरअसल, रघुबीर नगर स्थित गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, दक्षिणपुरी स्थित अंबेडकर नगर अस्पताल, मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में बने संत दुर्बल नाथ ट्रॉमा सेंटर और द्वारका स्थित दादा देव मैत्री एवं शिशु चिकित्सालय में बेड्स की संख्या बढ़ाई गई है। इन चारों अस्पतालों के अलग-अलग विभाग में सर्जन, एक्सपर्ट्स, सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर, स्टाफ नर्स, नर्सिंग अटेंडेंट, टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारी, क्लर्क और सुरक्षा स्टाफ के पद बनाए गए हैं।

**डॉक्टर्स और स्टाफ की दूर होगी किल्लत**

दिल्ली सरकार का दावा है कि इन नए पदों को बनाए जाने से मरीजों की देखभाल और सेवा में सुधार होगा, डॉक्टरों पर बोझ कम होगा, भर्ती प्रक्रिया बेहतर होगी और सरकारी अस्पतालों के कामकाज में सुधार होगा। ये चारों अस्पताल दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में स्थित हैं, यहां पर बेहतर इलाज की सुविधा से जीटीबी, लोक नायक, जीबी पंत और सेंट्रल दिल्ली के अन्य प्रमुख सरकारी अस्पतालों पर भी बोझ कम होगा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन चारों सरकारी अस्पतालों में जहां नए ब्लॉक बनाए गए हैं और अतिरिक्त बेड की संख्या में इजाफा किया गया है, वहां पर अलग-अलग लेवल पर नए पद बनाए जाने का प्रस्ताव एलजी के पास रखा था। लेकिन, मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद भी स्टाफ बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं था।

## बिजली वितरण कंपनियों ने दिल्ली सरकार को दी मुफ्त बिजली स्कीम की रिपोर्ट

# खूब उठाया मुफ्त बिजली स्कीम का फायदा



**32.4%** की बढ़ोतरी जीरो बिलिंग वाले कंस्यूमर्स की संख्या में

साल 2023-24 की तुलना में 11.44 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली सरकार के 200 यूनिट मुफ्त बिजली स्कीम का फायदा मौजूदा वित्तीय वर्ष में करीब 68% बिजली उपभोक्ताओं को मिला है। बिजली वितरण कंपनियों ने इस संबंध में दिल्ली सरकार को एक रिपोर्ट दी है, जिसमें कहा गया है कि 2025 में 70 लाख में से 47,67,162 बिजली उपभोक्ताओं का बिल जीरो आया है। साल 2024 में जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या 42,77479 और साल 2023 में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 35,97,933 थी। पिछले दो साल से जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कंपनियों की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020-21 में जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की कुल संख्या 40,46,816 रही। इसमें घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं की संख्या 40,35,827 और कमर्शल वर्ग के उपभोक्ताओं की संख्या 10,989 रही। साल 2022 में जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या में 9 लाख की बढ़ोतरी हुई। इस साल ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 49,36,040 रही। साल 2023 में जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या में कमी आई। लेकिन, साल 2024 में एक बार फिर जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई। साल 2023 की तुलना में इस साल जीरो बिलिंग वाले उपभोक्ताओं की संख्या में 32.4 प्रतिशत और साल 2024 की तुलना में 11.44 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में बिजली कंस्यूमर्स की संख्या करीब 70 लाख है।

**68% को मिला मुफ्त बिजली स्कीम का फायदा**

**कितनों को मिला स्कीम का फायदा**

| साल | घरेलू कंस्यूमर्स | कमर्शल कंस्यूमर्स | कुल |
|---|---|---|---|
| 2021 | 40,35,827 | 10,989 | 40,46,816 |
| 2022 | 49,25,305 | 10,735 | 49,36,040 |
| 2023 | 35,89,299 | 8634 | 35,97,933 |
| 2024 | 42,70,964 | 6515 | 42,77,479 |
| 2025 | 47,59,412 | 7750 | 47,67,162 |

# सुनवाई के लिए महीने में 2 शनिवार को खुला रहेगा HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने तय किया है कि अब हर महीने का पहला और तीसरा शनिवार आधिकारिक रूप से कोर्ट सिटिंग डे होगा। इन दोनों शनिवारों को हाई कोर्ट में नियमित सुनवाई होगी। यह फैसला दिल्ली हाई कोर्ट की फुल बेंच ने 22 दिसंबर 2025 को लिया था। इस फैसले की जानकारी गुरुवार को दी गई। इससे पहले व्यवस्था थी कि शनिवार को दिल्ली हाई कोर्ट में बेंच छुट्टी पर रहती थीं।

यह नया निर्देश 2025 में लागू एक अरेंजमेंट पर आधारित है। उस समय पेंडिंग मामलों का तेजी से निपटारा करने के मकसद से कोर्ट ने सभी बेंचों से कहा था कि वे महीने में एक शनिवार को बैठकर मामलों की सुनवाई करें। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट बार असोसिएशन ने आपत्ति जताई थी। कहना था कि पहले शनिवार को कामकाजी दिन बनाने का फैसला वकीलों से सलाह किए बिना लागू किया गया था।

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

## पदों के गठन पर LG का फोकस क्यों?

**अक्सर देखने** में आया है कि विभागों में नए पद नहीं बनाए जाने से कामकाज प्रभावित होता है और आम जनता को दिक्कत होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन से लेकर सामान्य प्रशासन, वित्त, राजस्व जैसे कई प्रमुख विभागों में सरकार को कई बार प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। उसी को देखते हुए एलजी वी.के. सक्सेना ने नए पद क्रिएट करने और अस्थायी के बजाय पक्की नियुक्तियां करने पर जोर दिया, ताकि सरकार का कामकाज प्रभावित ना हो और कर्मचारी पूरे मोटिवेशन के साथ काम कर सकें।

# हाई कोर्ट जंतर-मंतर है क्या: SC

## I-PAC मामले में कलकत्ता HC में हुए हंगामे पर SC ने चिंता जताई

## ED ने कहा, TMC ने लोगों से अपील की थी, सब कोर्ट पहुंचे

## TMC की दलील, चुनाव से ठीक पहले छापे की क्या जरूरत थी

Rajesh Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को I-PAC दफ्तर में छापेमारी मामले में ईडी की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान, कोर्ट ने पिछले हफ्ते कलकत्ता हाई कोर्ट में हुए हंगामे पर चिंता व्यक्त की, जिसकी वजह से सुनवाई नहीं हो पाई थी। इस दौरान, ईडी ने कहा कि 9 जनवरी को हाई कोर्ट में सुनवाई से पहले तृणमूल कांग्रेस की लीगल सेल ने वट्सऐप के जरिये अपने कार्यकर्ताओं को अदालत में जमा होने के लिए कहा था। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, बड़ी संख्या में वकील और अन्य लोग कोर्टरूम में घुस आए और हंगामा किया। यही होता है जब लोकतंत्र की जगह भीड़तंत्र ले लेता है। उन्होंने बताया, लीगल सेल ने वहां जाने के निर्देश दिए थे, यह कहते हुए- 'सब लोग आओ'। इस पर जस्टिस मिश्रा ने कहा, 'सब लोग आओ? जैसे यह जंतर-मंतर हो!' मेहता ने कहा कि हाई कोर्ट को जंतर-मंतर में बदल दिया गया था। लोगों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था थी।

**मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।**

### प. बंगाल में चौंकाने वाला पैटर्न: ED

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कोर्ट को बताया कि यह मामला एक 'चौंकाने वाला पैटर्न' दिखाता है। इससे पहले भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों के काम में बाधा डाली है। जस्टिस पी.के. मिश्रा ने पूछा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में कैसे सुनवाई योग्य है। इस पर SG ने कहा कि एक याचिका ईडी और एक प्रभावित अधिकारी ने मिलकर दायर की है, जबकि दूसरी याचिका ईडी अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से दाखिल की है। SG ने बताया कि ईडी को साक्ष्य मिले थे कि एक कंपनी और एक व्यक्ति के कार्यालय में आपत्तिजनक सामग्री मौजूद है। PMLA की धारा 17 के तहत ईडी वहां पहुंची और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मुख्यमंत्री, डीजीपी और भारी पुलिस बल वहां पहुंचे, जबरन कार्यालय में घुसे और फाइलें व डिवाइस ले गए। यह अपराध है और PMLA की धारा 54 के तहत पुलिस ईडी की मदद करने के लिए बाध्य थी, लेकिन वहां ईडी को रोका गया। ईडी ने पुलिस अधिकारियों के निलंबन की मांग भी की है।

SG ने पहले के एक टकराव का जिक्र किया, जब सीबीआई अधिकारियों को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था और मुख्यमंत्री ने सीबीआई दफ्तर के बाहर धरना दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान हंगामा हुआ, जिसके चलते अदालत को सख्त निर्देश जारी करने पड़े। अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।



**ममता ने किया था मार्च:** पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म I-PAC के ऑफिस पर ED की छापेमारी के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में विरोध रैली निकाली थी।



### ममता की ओर से आपत्ति जताई गई

ममता बनर्जी की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें इस मामले के विचार करने की योग्यता पर आपत्ति है। यह ऐसा मामला है, जिस पर हाई कोर्ट भी सुनवाई कर सकता है। जस्टिस मिश्रा ने कहा कि वह पिछले सप्ताह हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान हंगामे से इस बात से चिंतित हैं। इसके बाद सिब्बल ने जवाब दिया कि कल हाई कोर्ट में सुनवाई हुई थी और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि भविष्य में सुनवाई नहीं होगी। सिब्बल ने दलील दी कि आई-पैक तृणमूल कांग्रेस का चुनावी सलाहकार है और इस उद्देश्य के लिए 2021 से उनके बीच एक समझौता है। इसलिए टीएमसी का गोपनीय डेटा आई-पैक के कार्यालय में रखा जाता है। मुझे यकीन है कि ईडी को इसकी जानकारी है। आगे कहा, सबसे पहला सवाल यह उठता है कि चुनाव के बीच में वहां जाने की जरूरत क्यों थी? कोयला घोटाले में अंतिम बयान फरवरी 2024 में दर्ज किया गया था। वे 2024 और 2025 में क्या कर रहे थे, और 2026 के चुनावों के बीच उन्हें इतनी जल्दी क्यों है? इसी कारण ममता को वहां जाने का अधिकार है। यह पार्टी की संपत्ति है। सिब्बल ने ईडी के इस दावे को खारिज किया कि ममता बनर्जी सभी फाइलें और उपकरण अपने साथ ले गईं।

# 'BMC चुनाव में हुई गड़बड़ी' उद्धव-राज का BJP पर अटैक

■ पीटीआई, मुंबई

**महाराष्ट्र के** निकाय चुनावों के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और MNS प्रमुख राज ठाकरे ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। उद्धव ने दावा किया कि चुनाव में गड़बड़ियां हो रही हैं और इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने मतदाताओं से बीजेपी के भ्रष्ट और तानाशाही वाले शासन को सत्ता से बाहर करने की अपील की।

उद्धव ने राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे के निलंबन की मांग करते हुए आयोग और सरकार की मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, इस तरह की चीजें (कथित अनियमितताएं) पहले कभी नहीं हुईं। राज ठाकरे ने भी आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा है। उन्होंने चुनाव में इस्तेमाल हो रही तकनीक और प्रचार समय बढ़ाने पर सवाल उठाए।

महाराष्ट्र में गुरुवार को मुंबई सहित 28 अन्य नगर निगमों में हुए निकाय चुनावों में लगभग 50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने शाम 5.30 बजे मतदान समाप्त होने के बाद बताया कि 29 नगर निकायों में कुल मतदान प्रतिशत 46 से 50% के बीच रहा। उन्होंने कहा कि फिलहाल ये शुरुआती आंकड़े हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मतदान के अंतिम और सटीक आंकड़े बाद में जारी किए जाएंगे।

### चुनाव में करीब 50% वोटिंग



उद्धव ने अपनी पत्नी रश्मी और बेटे आदित्य के साथ शहर के बांद्रा ईस्ट इलाके में अपना वोट डाला।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर निकाय चुनाव में परिवार के साथ वोट डाला।



मुंबई सहित 29 अन्य नगर निगमों में हुए निकाय चुनावों में लगभग 50% मतदान दर्ज किया गया।

# भारत में लोकतंत्र सफल क्योंकि शासन के केंद्र में जनता है: PM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत बनाया है। भारत में लोकतंत्र सफल है क्योंकि शासन के केंद्र में देश की जनता है। भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है जिसकी जड़ें गहरी हैं। पीएम ने राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का शुभारंभ किया। तमाम विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए उन्होंने याद दिलाया, जब भारत को आजादी मिली थी, तो कई लोगों को संदेह था कि देश की इतनी ज्यादा विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। हालांकि, यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की ताकत बन गई। एक और बड़ी चिंता थी कि अगर किसी तरह भारत में लोकतंत्र कायम भी रह जाए तो विकास संभव नहीं होगा। हालांकि, भारत ने इसे गलत साबित कर दिया।


**कहा, भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है, जिसकी जड़ें काफी गहरी**

**मोदी ने भारत की उपलब्धियां गिनाई:** मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परितंत्र, तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार, चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क, सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है। कोविड-19 महामारी के दौरान, जब पूरी दुनिया इस महामारी से जूझ रही थी। तब भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके उपलब्ध कराए। 2024 में हुए आम चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये मानव इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव था। चुनावों में महिला मतदाताओं की रेकॉर्ड भागीदारी भी देखी गई। आज भारतीय महिलाएं मतदान में न केवल भाग ले रही हैं बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (CSPOC) की शुरुआत की।

### 'टेक्नॉलजी से क्षमता बढ़ी पर चुनौतियां भी'




लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नई टेक्नॉलजी ने काम करने की क्षमता तो बढ़ाई है। लेकिन इसके गलत इस्तेमाल से गलत जानकारी, साइबर अपराध और इससे होने वाली सामाजिक गड़बड़ियों जैसी गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं।

## NASA के इतिहास में पहली बार

# मेडिकल कारणों से स्पेस से वापसी



कैप्सूल सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर पर उतरा



इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन से कैप्सूल अलग होते हुए।

■ एपी, केप केनवरल (अमेरिका)

**नासा के** इतिहास में पहली बार किसी अंतरिक्ष मिशन को स्वास्थ्य कारणों से समय से पहले समाप्त करना पड़ा। इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पर तैनात एक अंतरिक्ष यात्री की तबीयत बिगड़ने के बाद नासा ने तुरंत फैसला लेते हुए पूरे क्रू को धरती पर वापस बुला लिया। स्पेसएक्स के कैप्सूल ने गुरुवार तड़के कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में सफल स्प्लैशडाउन किया। यह मिशन अगस्त में शुरू हुआ था और तय समय से एक महीने पहले खत्म हो गया। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को सीधे अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी निगरानी की गई।

### क्या बोले NASA प्रशासक

नासा के नए प्रशासक जेरेड आइजैकमैन (Jared Isaacman) ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि मामला गंभीर मेडिकल स्थिति से जुड़ा था। फिलहाल संबंधित अंतरिक्ष यात्री ठीक हैं और मेडिकल जांच से गुजर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि यह आपात स्थिति नहीं थी, लेकिन बेहतर इलाज और जांच के लिए धरती पर लौटना जरूरी था।

### कौन-कौन लौटे धरती पर? इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल थे-

■ जेना कार्डमैन (NASA) ■ माइक फिन्के (NASA) ■ किमिया युई (जापान) ■ ओलेग प्लातोनोव (रूस)

*(नासा ने मेडिकल प्राइवेसी का हवाला देते हुए यह स्पष्ट नहीं किया कि बीमार कौन हुआ और बीमारी क्या थी।)*

### मिशन में क्या बदला?

7 जनवरी को अंतरिक्ष यात्री की तबीयत खराब होने के बाद अगले दिन होने वाली स्पेसवॉक रद्द कर दी गई। फिर मिशन को छोटा करने का फैसला हुआ। नासा ने बताया, स्पेसवॉक की तैयारियों का बीमारी से संबंध नहीं है। सभी अंतरिक्ष यात्री स्प्लैशडाउन के एक घंटे के भीतर कैप्सूल से बाहर आ गए।

### ISS पर क्या स्थिति?

इस वापसी के बाद इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पर फिलहाल केवल तीन अंतरिक्ष यात्री मौजूद हैं- एक अमेरिकी और दो रूसी। नासा ने माना कि अगली टीम के आने तक कोई भी स्पेसवॉक संभव नहीं होगा, यहां तक कि आपात स्थिति में भी। अब नासा और स्पेसएक्स फरवरी तक नई टीम को भेजने की कोशिश कर रहे हैं।

### चांद मिशन पर असर?

इस घटनाक्रम के बीच नासा का बहुप्रतीक्षित मानव चंद्र मिशन भी लाइन में है। चंद्र रॉकेट इस वीकेंड लॉन्च पैड पर जाएगा और फरवरी की शुरुआत में फ्यूलिंग टेस्ट होगा। प्रशासक जेरेड आइजैकमैन ने कहा कि अगर दो मानव मिशनों के बीच प्राथमिकता तय करनी पड़ी, तो यह नासा के लिए अच्छी समस्या होगी।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच किस देश ने अपना एयर स्पेस अस्थायी रूप से बंद किया?
A) इराक B) ईरान C) सीरिया

2 नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों को किस स्टेशन से वापस बुलाया?
A) चंद्रमा स्टेशन B) ISS C) मार्स ऑर्बिटर

3 अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मिडिल ईस्ट की ओर अमेरिका ने कौन-सी बॉरशिप रवाना की है?
A) USS निमित्ज B) USS थियोडोर रूजवेल्ट C) USS अब्राहम लिंकन

4 ग्रोक AI किस सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से जुड़ा हुआ है?
A) फेसबुक B) इंस्टाग्राम C) X

5 मुंबई में किस चुनाव के दौरान उंगली की स्याही छूटने के वीडियो वायरल हुए?
A) बीएमसी चुनाव B) लोकसभा चुनाव C) विधानसभा चुनाव

### कल के जवाब

A1 A. अमेरिका A2 B. ईरान A3 A. ग्रीनलैंड A4 B. अमेरिका A5 C. मेजर स्वाति शांति कुमार

### लकी विनर्स



राघवी वशिष्ट, नई दिल्ली
2. सचिन बाजपेयी, लखनऊ
3. बलबीर सिंह, गाजियाबाद

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## उन्नाव रेप केस: दिल्ली HC में अर्जी

# दोषी सेंगर के खिलाफ और सबूत देगी पीड़िता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**उन्नाव रेप** केस में पीड़िता ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में अर्जी दायर कर दोषी कुलदीप सेंगर की सजा के खिलाफ अपील में और सबूत पेश करने की इजाजत मांगी। यह अर्जी हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के उस आदेश के बाद आई है, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि वह पहले ही 7 साल और पांच महीने जेल में बिता चुका है। सस्पेंशन के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर, 2025 को रोक लगा दी।

बीजेपी से निष्कासित नेता की अपील में दायर अपनी अर्जी में पीड़िता ने कहा कि वह कोर्ट के सामने हाल के जरूरी घटनाक्रम के साथ-साथ खुद और अपने परिवार को मिल रही धमकियों को दिखाने के लिए तथ्य और दस्तावेज पेश करना चाहती है। उसकी याचिका में उन्नाव में उसके स्कूल के दो अधिकारियों के और सबूत रेकॉर्ड करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है ताकि उसकी जन्म की तारीख को प्रमाणित किया जा सके। उसने आरोप लगाया कि सेंगर ने जांच को प्रभावित किया और ट्रायल में उसकी उम्र के बारे में जाली और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, जिन पर अब अपील में भी भरोसा किया जा रहा है।

**कोर्ट ने पीड़िता की अर्जी पर 25 फरवरी को विचार के लिए लगा दिया**

कोर्ट ने कहा कि अपील फाइनल सुनवाई के स्टेज पर है। इसी के साथ कोर्ट ने पीड़िता की अर्जी पर 25 फरवरी को विचार के लिए लगा दिया। उन्होंने पीड़िता के वकील से 31 जनवरी तक अपनी अर्जी के साथ जरूरी दस्तावेज दाखिल करने को कहा और सेंगर और सीबीआई को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।


# मायावती बोली, BSP सभी चुनाव अकेले लड़ेगी




■ **भाषा, लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने गुरुवार को कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 सहित देश में होने वाले सभी छोटे-बड़े चुनाव अकेले लड़ेगी। दावा किया कि 2027 में यूपी में बीएसपी पूरे बहुमत से सरकार बनाएगी। मायावती ने गुरुवार को लखनऊ में अपना 70वां जन्मदिन भी मनाया। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी समेत अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, किसी भी पार्टी के साथ किसी भी चुनाव में किसी प्रकार का गठबंधन नहीं किया जाएगा।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



श्री रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल जी
18.12.1920 - 16.01.2017
नौवीं पुण्य तिथि
आपका आदर्श जीवन व उच्च विचार सदा हमारा पथ प्रदर्शन करता रहा है। आपका समस्त परिवार आपके दिखाये उच्च आदर्शों के प्रति समर्पित है। आप सदा ही हमारी यादों में जीवित रहेंगे। आपकी यादों में:
आर एन. अग्रवाल, आर ए. अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार: A1/31, जनकपुरी, नई दिल्ली-58



"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,600 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
| --- | --- |
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

TIMES inter

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

[illegible]

आदेशात: मुंसरिम/सिरिश्तेदार
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, मेरठ।

## फटाफट खबरें

### 'जन नायकन' पर सुनवाई से इनकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विजय अभिनीत तमिल फिल्म 'जन नायकन' के निर्माता की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने फिल्म को सेंसर बोर्ड से प्रमाणपत्र देने के सिंगल बेंच के निर्देश पर रोक लगा दी थी।

### आग से तीन बच्चों सहित 6 की मौत

■ **भाषा, शिमला** : हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नौराधार क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात घर में आग लगने से 3 बच्चों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई। संगड़ाह के एसडीएम ने गुरुवार को बताया कि शुरुआती जांच से लगता है कि तलंगना गांव के घर में आग बुधवार देर रात चूल्हे के कारण लगी थी। मृतकों में गृहस्वामी की बेटी-दामाद भी हैं।

### 52 नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ **भाषा, बीजापुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को 52 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इनमें से 49 पर 1.41 करोड़ रुपये का इनाम था। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सरेंडर करने वालों में 21 महिलाएं भी हैं।

10:57 Grok Sign in Sign up

## आपत्तिजनक इमेज... अब और नहीं

*विरोध के बाद सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X ने अपने AI चैटबॉट ग्रोक के आपत्तिजनक तस्वीर बनाने वाले फीचर को बंद कर दिया। अब यूजर्स असली शख्स की आपत्तिजनक या अश्लील तस्वीर जेनरेट नहीं कर सकेंगे। नियम पेड और अनपेड सभी यूजर्स पर लागू होगा। गुरुवार को X के सेफ्टी हैंडल ने यह जानकारी दी।*

**ये सवाल उठे थे...**

ग्रोक के 'स्पाइसी मोड' फीचर पर कई देशों ने आपत्ति की थी। इससे महिलाओं-बच्चों की अश्लील तस्वीरें बन रही थीं। कई देशों ने जांच और कार्रवाई की थी।

28 सामाजिक संगठनों ने एपल और गूगल के सीईओ को पत्र लिख ग्रोक-एक्स को ऐप स्टोर से हटाने को कहा था। भारत ने X से ऐक्शन की रिपोर्ट मांगी थी।

**कैसे होती गई सख्ती**

पहले X ने फोटो बनाने, एडिट करने की सुविधा पेड यूजर्स तक सीमित की। अब यह सभी के लिए बंद।

X ने कहा- बाल यौन शोषण सामग्री, अश्लील तस्वीरों जैसे गंभीर नियम उल्लंघन वाले कंटेंट तुरंत हटाए जाएंगे। अकाउंट्स पर सख्त कार्रवाई होगी।

भारत में X ने साढ़े तीन हजार अश्लील तस्वीरें हटाई हैं। नियम तोड़ने पर 600 यूजर्स को बैन कर दिया।

*इनपुट PTI*

Ask Grok

डिजिटल अरेस्ट पर SC में रिपोर्ट दाखिल कर बोला गृह मंत्रालय

# 'लापरवाही पर बैंक, टेलिकॉम कंपनियों की भी हो जवाबदेही'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली** : डिजिटल अरेस्टिंग के मामलों में गृह मंत्रालय की कमिटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर बैंकों या टेलिकॉम कंपनियों की लापरवाही के कारण पीड़ित का नुकसान हुआ तो उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत के आदेश पर बनाई गई मंत्रालय की इंटरनल हाई लेवल कमिटी की बैठक में यह नतीजा निकलकर सामने आया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि यह कमिटी गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) की अध्यक्षता में काम करेगी। इसमें कमिटी में संबंधित मंत्रालयों के अलावा दूरसंचार विभाग, आरबीआई, सीबीआई, एनआईए, दिल्ली पुलिस, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अधिकारी हैं।

बैठक में कमिटी ने पीड़ित मुआवजे से संबंधित एमिकस की सिफारिशों पर भी विचार किया। यह भी देखा गया कि पीड़ितों को सिस्टम फेल्योर या अन्य कारणों से नुकसान नहीं उठाना चाहिए। कमिटी के अध्यक्ष ने मुआवजे के मौजूदा तंत्र की समीक्षा कर उसमें सुधार और बदलाव सुझाने का निर्देश दिया। गृह मंत्रालय ने समिति को आगे विचार-विमर्श कर सुझाव देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से एक महीने का समय मांगा है। अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

AI Image


### एक तय सीमा के बाद CBI करेगी जांच



**कोर्ट को** बताया गया कि कमिटी की बैठक हर दो सप्ताह में होगी और अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि भी शामिल होंगे। गृह मंत्रालय की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट के अनुसार, कमिटी की पहली बैठक 29 दिसंबर को हुई थी। इसमें CBI ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों के लिए एक मौद्रिक सीमा (थ्रेशहोल्ड) निर्धारित करने का सुझाव दिया। इस सीमा से ऊपर के मामलों की जांच CBI कर सकती है। इससे नीचे के मामलों को राज्य की एजेंसियां, गृह मंत्रालय की सहायता से देख सकती हैं।

### सिम कार्ड फर्जीवाड़े पर कसेगा शिकंजा

**बैठक में** RBI ने बताया कि फ्रॉड का पता लगाने के लिए बैंकों को एआई-बेस्ड उपकरणों के उपयोग संबंधी परामर्श जारी किया गया है। संदिग्ध लेनदेन में शामिल खातों को फ्रीज करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत ड्राफ्ट रूल तैयार हैं और वे हितधारकों से परामर्श के चरण में हैं। अधिसूचित होने के बाद ये नियम सिम कार्ड जारी करने में लापरवाही, एक शख्स को कई सिम जारी करने जैसी समस्याओं को एड्रेस करेगा। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने बताया कि तत्काल फ्रीजिंग, डी-फ्रीजिंग, धन वसूली और पीड़ितों को राशि लौटाने से संबंधित SOPs विचाराधीन हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और 1930 हेल्पलाइन के पुनर्गठन पर भी विचार हो रहा है।




## बैंक धोखाधड़ी में सीबीआई के छापे

■ **भाषा, कोलकाता** : सीबीआई के ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को कोलकाता में कई जगह छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि न्यू अलीपुर इलाके में एक व्यवसायी के आवास और न्यू टाउन सहित अन्य स्थानों पर छापे पड़े। सीबीआई की पांच टीमें न्यू टाउन के अलावा, न्यू अलीपुर क्षेत्र में एक बहुमंजिला आवासीय परिसर की पांचवीं मंजिल पर गईं। एक अधिकारी ने कहा कि छापे का उद्देश्य जांच से संबंधित दस्तावेज और अन्य सामग्री एकत्र करना, वित्तीय धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल धन के प्रवाह और इसके अंतिम उपयोग का पता लगाना है।

## आर्मी डे परेड में पहली बार भैरव बटैलियन की झलक

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली** : इंडियन आर्मी डे पर जब अलग-अलग यूनिट्स को प्रशंसा पत्र दिया गया, तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य तैयारियों की झलक भी मिली। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आर्मी की 5 अलग-अलग कमांड से 26 यूनिटों को प्रशंसा पत्र दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए काम के हिसाब से अलग पैरामीटर बनाए गए थे। आर्मी डे पर आर्मी चीफ ने 49 यूनिट को यूनिट साइटेशन दिए। यूनिट साइटेशन के लिए जो पैरामीटर हैं, उसमें ज्यादातर काउंटर इनसर्जेंसी और काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन में अच्छे काम के लिए मौके दिए जाते हैं। जयपुर में हुए आर्मी डे परेड में पहली बार भैरव बटैलियन भी शामिल हुई, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद बनाई गई। आर्मी चीफ ने बटैलियन की तारीफ की।

**आर्मी डे पर सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 49 यूनिट को साइटेशन दिए**

PTI



जयपुर में हुए आर्मी डे परेड में 26 यूनिट को मिला प्रशंसा पत्र

### अवॉर्ड की संख्या से पता चली तैयारी

ऑपरेशन सिंदूर में सेना की तैयारी का अंदाजा इसी से लग जाता है कि कुल सात कमांड में से पांच की अलग-अलग यूनिट को प्रशंसा पत्र मिला। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ग्राउंड ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी। एलओसी पर सिर्फ गोले नहीं दाग रही थी बल्कि पैदल सेना की यूनिट भी डायरेक्ट फायर कर रही थी।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

## NCERT को यूनिवर्सिटी का दर्जा जल्द, मिलेगी PhD तक की डिग्री


Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली** : NCERT को जल्द ही 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा मिलने वाला है। अगले कुछ दिनों में यूजीसी कमिशन की बैठक होगी, जिसमें अंतिम मुहर लगने के बाद शिक्षा मंत्रालय की ओर से जनवरी में ही इस बाबत नोटिफिकेशन हो जाएगा। वर्ष 1961 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में अस्तित्व में आने के NCERT अब यूनिवर्सिटी बनेगी और ग्रैजुएशन, पीजी और पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सकेगी। NCERT के डायरेक्टर प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी का कहना है कि जिस तरह IIT, CBSE जैसे संस्थान ग्लोबल लेवल पर मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, उसी तरह NCERT भी दूसरे देशों के शिक्षण संस्थानों के साथ टाईअप कर स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करेगी।

**NCERT भी दूसरे देशों के शिक्षण संस्थानों से करेगा टाईअप**






6 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

# NBT GOOD न्यूज़

**समस्या से बाहर निकाल सकती है मुस्कान**
अगर आप किसी समस्या में फंस गए हैं, तो एक जबरदस्ती की मुस्कान भी आपके दिमाग को 'आउट ऑफ द बॉक्स' सोचने में मदद कर सकती है।

## विचार

सफलता के लिए कोई लिफ्ट नहीं है, आपको सीढ़ियां लेनी ही होंगी। शॉर्टकट छोड़कर धैर्य और लगातार प्रयास से ही मंजिल मिल सकती है।

– जिग जिगलर (Zig Ziglar)

## ज़रा हंस लें

**टीचर:** विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं। **चिंटू:** मास्टर जी, हमारे देश में तो दो साल का बच्चा भागने भी लगता है...

## कविता

### तुम रुकना मत बस


AI image

रास्ते चाहे अंधकार से भरे हों,
दूर तक भले कुछ दिखाई न देता हो,
अपना प्रकाश फैला तुम आगे बढ़ना,
तुम रुकना मत बस।
लक्ष्य प्राप्त करने के लिए,
चाहे जितनी भी रुकावटें आएँ,
एक बार कोशिश जरूर करना,
तुम रुकना मत बस।
असफलता जितनी बार सामने आए,
उसका हंसकर स्वागत करना और,
सफलता के लिए आगे बढ़ते जाना,
तुम रुकना मत बस।
जीवन में कभी निराशा हाथ लगे,
थककर, टूटकर, बिखर मत जाना,
नए विचारों के साथ फिर से
शुरुआत करना,
तुम रुकना मत बस।

– नीलम कुमार,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

---

इंटरनैशनल रेस ने दूर की कनेक्टिविटी की परेशानी, पर्यटकों के साथ लौट रही है गांवों की रौनक

# रेस ने रोशन की गांवों की किस्मत

Rupesh.Singh@timesofindia.com



रेस की तैयारी के तहत सड़कों को चौड़ा किया गया, ऊंचाई बढ़ाई गई और गुणवत्ता ऐसी रखी गई, जो सालों तक टिक सके

■ **नई दिल्ली:** छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली पुणे केवल एक शहर नहीं बल्कि मराठा साम्राज्य की जीवित विरासत है। रायगढ़ और तोरणा की तलहटी में बसे गांवों के लोग पीढ़ियों से वीरता की कहानियों के साथ बड़े हुए, लेकिन उनकी रोजमर्रा की जिंदगी टूटी-फूटी सड़कों, सीमित आवाजाही और अवसरों की कमी से जूझती रही। नतीजा यह हुआ कि पर्यटक एक बार आते तो थे, लेकिन खराब रास्तों की वजह से लौटने का जोखिम नहीं उठाते थे।

भोर तहसील के जांभली गांव के प्रदीप कोल्हे बताते हैं, 'लोग इतिहास पढ़कर आते थे, लेकिन सड़क इतनी खराब थी कि अनुभव नकारात्मक हो जाता था। धीरे-धीरे लोग आना ही छोड़ देते थे।' लेकिन एक साइकल रेस इन गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कारण बन जाएगी, ये शायद ही किसी ने सोचा रहा होगा। इस महीने 19 से 23 जनवरी तक होने जा रही 437 किमी की भारत की पहली आंतरराष्ट्रीय प्रो स्टेज एलीट रोड साइकलिंग रेस 'पुणे ग्रैंड टूर' के आयोजन के साथ इन गांवों की तस्वीर बदलने की शुरुआत हुई। इस रेस का मार्ग दूरदराज के गांवों और कालीन घाटी से होकर गुजरा जहां कभी बुनियादी कनेक्टिविटी भी एक सपना थी।

मुलशी तहसील के कालीन गांव के रोहित टेमघरे कहते हैं, 'पहले यहां बैलगाड़ी तक नहीं पहुंच पाती थी। आज पहली बार आंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकल रेस हमारे गांव से गुजर रही है।' रेस की तैयारी के तहत सड़कों को चौड़ा किया गया, ऊंचाई बढ़ाई गई और गुणवत्ता ऐसी रखी गई, जो सालों तक टिक सके। 65 वर्षीय उपसरपंच शिवाजी कोल्हे कहते हैं, 'हमारे युवा रोजगार के लिए शहर चले गए थे। इतने सालों में पहली बार गांव में ऐसी सड़क बनी है।'

इस बदलाव से गांवों में सफाई अभियान चल रहे हैं, स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं और बच्चों के लिए छोटी साइकलिंग प्रतियोगिताएं हो रही हैं। जो लोग वर्षों पहले मुंबई-पुणे शहर चले गए थे, उन्हें इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए वापस बुलाया जा रहा है।

---

वीलचेयर पर सवार होकर घर-घर खाना पहुंचा रहे लक्ष्मणन

# खुद को बेकार समझने वाले लक्ष्मणन आज दूसरों को दे रहे जीने की सीख

Muskaan.Ahmed@timesofindia.com



L R Shankar
लाचारी पछाड़ वीलचेयर पर होकर सवार लिख रहे कामयाबी की कहानी

■ **चेन्नै** की सड़कों पर शाम सात बजे जैसे ही ट्रैफिक का दबाव बढ़ता है, 33 वर्षीय लक्ष्मणन अमुथु अपनी मोटराइज्ड वीलचेयर पर निकल पड़ते हैं। सीमेंट की तंग गलियां, ऊबड़-खाबड़ सड़कें और तेज रफ्तार गाड़ियां– हर चुनौती के बीच लक्ष्मणन लोगों के घरों तक खाना पहुंचाते हैं। पोलियो के कारण पैरों से दिव्यांग लक्ष्मणन बताते हैं कि वह तीन घंटे में करीब 40 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, जिसके बाद वीलचेयर की बैटरी खत्म हो जाती है।

दो साल पहले लक्ष्मणन जोमैटो से जुड़े। इससे पहले वह एक टेलीफोन एक्सचेंज में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते थे, जहां उन्हें सिर्फ 5,000 रुपये महीने मिलते थे। नौकरी छूटने के बाद वह मानसिक रूप से टूट गए थे, लेकिन फूड डिलिवरी में दिव्यांगों को अवसर मिलने की जानकारी ने उनकी जिंदगी बदल दी। आज वह करीब 20,000 रुपये महीना कमा रहे हैं और बचत भी कर पा रहे हैं। लक्ष्मणन सुबह 8 से दोपहर 3 बजे और फिर शाम 7 से रात 10 बजे तक काम करते हैं। उनका कहना है कि वह तब तक काम करेंगे, जब तक शरीर साथ देगा।

---

# 166 साल बाद मिला सात साल में एक बार फूल देने वाला पौधा

■ राजेंद्र पी. केरकर, पणजी


TOI


**पश्चिमी घाट** की चट्टानी पहाड़ियों पर पाई जाने वाली बेहद दुर्लभ और संकटग्रस्त फूलदार जड़ी-बूटी लेपिडागैथिस क्लावाटा को 166 साल बाद फिर से खोजा गया है। इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) ने इसे 'क्रिटिकली एंडेंजर्ड' श्रेणी में रखा है। यह पौधा खास इसलिए भी है क्योंकि यह सात साल में केवल एक बार फूल देता है, जिससे इसके अस्तित्व को लेकर लंबे समय तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई थी।

इस प्रजाति पर आधारित रिसर्च पेपर 26 दिसंबर 2025 को जर्नल ऑफ थ्रेटेंड टैक्सा में प्रकाशित हुआ है। रिसर्चर ऋतुजा कोल्टे-खानोलकर और उनकी टीम ने इसे सिंधुदुर्ग जिले के चौकुल पठार में दोबारा खोजा। स्थानीय भाषा में इसे 'खोप' कहा जाता है। यह पौधा मोनोकार्पिक व्यवहार दिखाता है, यानी सभी पौधे एक साथ फूल देते हैं और बीज बनने के बाद समाप्त हो जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके संरक्षण के लिए लंबी अवधि की निगरानी बेहद जरूरी है।

---

## NBT जन्मदिन मुबारक

### सिद्धार्थ मल्होत्रा



सिद्धार्थ मल्होत्रा का जन्म 16 जनवरी 1985 को हुआ। उन्होंने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की और फिल्म 'माय नेम इज खान' में असिस्टेंट डायरेक्टर रहे। 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से उन्होंने एक्टिंग डेब्यू किया। फिल्म 'शेरशाह' में कैप्टन विक्रम बत्रा के किरदार के लिए जबरदस्त तारीफ मिली।

### कबीर बेदी




कबीर बेदी का जन्म 16 जनवरी 1946 को हुआ। वह भारत के उन एक्टर्स में से हैं जिन्होंने हॉलिवुड में सफलता हासिल की। वह जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्म ऑक्टोपसी में विलेन और इटली के टीवी शो सैंडोकन के लिए दुनिया में फेमस हुए। उन्हें इटली के सर्वोच्च सम्मानों में से एक द ऑर्डर ऑफ मेरिट मिल चुका है।

### विजय सेतुपति



तमिल सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति का जन्म 16 जनवरी 1978 को हुआ। एक्टिंग में आने से पहले उन्होंने दुबई में अकाउंटेंट का काम किया था। उन्होंने 'विक्रम वेधा', '96', 'सुपर डीलक्स' जैसी फिल्मों से अपनी खास पहचान बनाई। हाल ही में फिल्म 'जवान' और 'फर्जी' वेब सीरीज के जरिए वह पूरे भारत में मशहूर हो गए हैं।

### तारिक अनवर



तारिक अनवर का जन्म 16 जनवरी 1951 को हुआ। वह बिहार के एक अनुभवी नेता हैं और कई बार कटिहार लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। उन्होंने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की, 1999 में NCP में शामिल हुए, बाद में कांग्रेस में आ गए। वह केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।

---

# एक साथ गूंजी हज़ारों ढोल की थाप


PTI

गुवाहाटी में बागुरुम्बा नृत्य की रिहर्सल के दौरान 10,000 कलाकार एक साथ ताल से ताल मिलाते नजर आए। रंग-बिरंगे स्कार्फ और गले में ढोल लटकाए इन युवाओं के चेहरों पर अपनी संस्कृति के प्रति गर्व साफ देखा जा सकता है।

---

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, दक्षिणी दिल्ली, चतुर्थ तल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
ई-मेल: cosdelgad@pnb.bank.in
परिसर की आवश्यकता
पंजाब नैशनल बैंक को ... (1600-2000 वर्ग फुट) एटीएम के लिए ... वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (WTC) नौरोजी नगर, नई दिल्ली -110029 पर पट्टे/किराये आधार पर आवश्यकता है। ... बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर उपलब्ध ... 29.01.2026, 1600 बजे तक ... [illegible]
दिनांक 16.01.2026 मंडल प्रमुख

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग, यूनियन बैंक भवन, प्रथम तल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 3 वर्षों के लिए वर्चुअल / फिजिकल डॉक्टर / टेली परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु आरएफपी.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 3 वर्षों के लिए वर्चुअल/फिजिकल डॉक्टर/टेली परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए जीईएम (GeM) पोर्टल (जीईएम बोली संदर्भ संख्या - GEM/2026/B/7106982) के माध्यम से दो-बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in पर उपलब्ध है. निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक है. बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है.
सहायक महाप्रबंधक

Radisson BLU
TENDER NOTICE
Sealed tenders are invited for the supply of the below mentioned categories to Radisson Blu Hotel New Delhi Dwarka, Sector-13 as per the specifications for the period 01.04.2026 to 31.03.2027
ITEM CATEGORIES
1. Indian Vegetable
2. Indian Fruits
3. English Vegetable
4. Imported Fruit
5. Imported Grocery
6. Milk & Dairy Products
7. Mutton
8. Fish and Sea Food
9. Chicken
10. Pork & Cold Cuts
11. Ice Cream
12. Frozen Green Peas & Corn
13. Noodle, Tofu, Chap, Mushroom
14. Frozen Fries & Potato Products
15. Eggs
16. Kulfi
17. Office Stationery
18. Aerated Beverage
19. Engineering
20. Guest Supplies
21. Uniform
22. Frozen Momos/Spring Roll
23. Rental Bedding & Furniture
24. Kalai, Buffing and Polishing
25. Indian Grocery
26. Can & Tin Products
27. Bakery Ingredients
28. Rice & Pulses
29. Indian/Imported Cheese
30. Whole & Powder Spices
31. Juices Canned/Tetra
32. Drinking Water
33. Dry Fruits
34. Housekeeping/Cleaning Supplies
35. Shoes/Slipper
36. Garbage Bag
37. Paper Products
38. Packaging Supplies
39. Charcoal
40. Gel Fuel & Candle
41. Building Glass Supply & Fixing
42. Speciality Sugar
43. Chemicals
44. Fruit Counter
45. Chat Counter
46. Rental Printer/Cartridge
47. Rental Audio/Video Equipment
48. Facade Cleaning
Tender forms are available in our Purchase Office at Radisson Blu Hotel New Delhi Dwarka, Plot no-04, Sector - 13, Dwarka, New Delhi - 110075, Contact No-011-30908051-52 on any working day from Dt. 16/01/2026 to 28/01/2026 between 11.00 hrs & 16.00 hrs on cash payment of Rs.1000/- for each category (Non-Refundable). The last date of receipt of sealed tenders is 30/01/2026 till 1600 Hrs. The Management reserves the right to accept or reject any tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever.
All tenders proposing to apply should be compliant of FSSAI Act/Rules/Regulations.
BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

न्यायालय सूचना
IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION)
[illegible]
SANGITA GOEL AND ORS. ...PLAINTIFFS
VERSUS
KAMINI GOEL & ORS. ...DEFENDANTS
[illegible]
ASSTT. REGISTRAR (O) for REGISTRAR GENERAL

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH. SANDEEP YADAV, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL)-03, (SOUTH) ROOM NO. 17, 3rd FLOOR, NEW COURT BLOCK-01, SAKET COURTS, NEW DELHI
CS(COMM)/494/2024
CANARA BANK ....Plaintiff
VERSUS
DINESH PRASHAD ....Defendant
To,
MR. DINESH PRASHAD
House No.A-2, Bhoomiheen Camp, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi – 110019
ALSO AT: Shop No. C-1, Okhla Industrial Area, PH-II, South East, Okhla, New Delhi – 110020
Whereas you are intentionally evading service of summons issued by this court and it is hereby notified that if you shall not defend the case on 23-01-2026, the day fixed for file a written statement within 30 days and appear in this court, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court this 04-12-2025.
JUDGE
District Judge (Commercial)-03 (South) Saket Court Complex, New Delhi
(SEAL)

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
क्षमा याचना
मुकदमा संख्या W.P.(C) 425/2025 की तारीख 18.12.2025 की माननीय हाईकोर्ट में जो हमारे वकील ने अशोक यादव (लाला) जी पर उन्होंने जो एलीगेशन लगाए थे वो सब झूठे थे उसमें मेरी कोई सहमति नहीं है फिर भी मैं अशोक यादव (लाला) जी से क्षमा मांगता हूं। मैं सुनील कुमार रेलवे रोड समयपुर।

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
आईटी संबंधित
कंप्यूटर ऑपरेटर्स
REQD computer operator and office assistant for CA firm in Pandav Nagar, Delhi92 contact nidhiassociates@yahoo.com or 9868124873
अन्य रिक्तियां
चालक
कम्पनी दिन के रु. 1800 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक चलाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-64601000

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I, Sunil Kumar S/o Bhagwan Dass, R/o A-25, A-block, Vishnu Garden, PO: Tilak Nagar, Dist: West Delhi, Delhi-110018, have changed my name to Sanjay, with effect from 31st December, 2025. Hereafter, I shall be known as Sanjay.
THIS is to certify that BHAVNA SINGHAL and BHAWNA SINGHAL (wife of DEEPAK SINGHAL) residing at H-3 GREATER KAILASH 2 MASJID MOTH NEW DELHI 110048 are same and same person.
I, Mansha Grover D/o Chetna Grover R/o 504, Tower 2, Unitech the Palms, South City 1, Gurgaon-122001 have changed my name from Mansha Arora to Mansha Grover for all future purposes.
I, Sakshi Jassal, d/o Rakesh Kumar Jassal, r/o 67-D, Pocket-3, Mayur Vihar Phase-1, Delhi-91, request a change of name in my passport from Sakshi to Sakshi Jassal to match my other documents.
"I, Lucky chaudhary S/o bittu chaudhary, R/o JB3/9 Welcome Seelampur, Delhi, hereby declare that I have changed my name to Lucky S/o bittoo for all future purposes".
खोया एवं पाया
I, Renu Jaitly, w/o Lalit Mohan Jaitly, R/o CSP-2910, Tower 2, DLF Capital Greens, Moti Nagar, Delhi-15, have lost the Builder buyer agreement, allotment letter, possession letter and all original receipts issued from DLF Home Developers Limited for the property bearing no. CSP-2910, Tower-2, DLF Capital Greens, Moti Nagar, Delhi-15. If Found, contact rjaitly@yahoo.com

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA TIMES interact
Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹128000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

BOOK YOUR EDUCATION ADS
For booking please contact
Amit : 9811790649

HEALTH & WELLNESS
36 वर्षों के अनुभवी सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुल्तानी गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873149909
9821124909

बवासीर
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन स्याला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन
9289626250
9810807952

SEX PROBLEMS?
कमजोरी-सफेद पानी
कम शुक्राणु-बेऔलाद?
सैक्स समस्याएं कैसी भी
स्त्री-पुरुष-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
9810-272-172

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आई सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह
15 ही दिन में फर्क देखें
फीस ₹955
घर बैठे दवा मंगवाएं
सन्यासी आयुर्वेदा
Ⓒ 8527001155

SEX PROBLEMS
•HORMONAL IMBALANCE
•EARLY DISCHARGE
•ERECTILE-DYSFUNCTION
•SPERMS PROBLEM
•UROGENITAL INFECTIONS
•WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
HELPLINE: 9810119422
FACILITIES : HORMONE, HIV, URINE, SUGAR, SEMEN, PENILE DOPPLER TEST, SEX COUNSELING & INFERTILITY SPECIALIST AVAILABLE

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर, दरियागंज, भजनपुरा, छतरपुर
E-2, Opp Petrol Pump Bhajanpura
9817469817

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com


TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

# जिसकी तलाश थी वो नहीं मिला, तो उसके दोस्त को मार दिया चाकू

## बवाना में पुलिस ने जांच के बाद पकड़े तीन नाबालिग, एक फरार

■ NBT रिपोर्ट, नरेला


AI image

**नरेला इंडस्ट्रियल** इलाके में जिस लड़के की तलाश में आए, वो तो नहीं मिला। लेकिन आरोपियों ने उसके दोस्त को चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 22 वर्षीय रंजन उर्फ गोप्पा के रूप में हुई है। वारदात की जानकारी मिलने पर लोकल पुलिस पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को अस्पताल में मोर्चरी भिजवाया। क्राइम सीन की छानबीन के बाद हत्या का मामला दर्ज कर लिया। सीसीटीवी की मदद से वारदात में शामिल तीन नाबालिगों को पकड़ा है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी और रंजन दोनों एक दूसरे को जानते हैं। इस बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान ही आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी वारदात में शामिल रहे हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस को बुधवार शाम करीब 6:30 बजे छठ घाट, जी-18 ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास चाकूबाजी की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर खून के धब्बे मिले। जांच में पुलिस को पता चला कि घायल को उसका दोस्त अस्पताल लेकर गया है। वहां उन्हें पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है।

बाद में मृतक की पहचान रंजन उर्फ गोप्पा के रूप में हुई। टीम ने रंजन के भाई राजा की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

### ड्यूटी पर गए हिस्ट्रीशीटर की चाकू मारकर हत्या

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कल्याणपुरी के एक हिस्ट्रीशीटर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है। हालांकि अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि कल्याणपुरी इलाके में बीट कॉन्स्टेबल बुधवार देर रात करीब 11 बजे गश्त पर थे। इस दौरान 18 ब्लॉक, कल्याणपुरी के पास एक शौचालय के पास पहुंचे तो वहां पर एक शख्स खून से लथपथ हालत में मिला। जांच के दौरान पता चला कि वह चौकीदारी का काम करता था। इसके अलावा मुकेश कल्याणपुरी इलाके का हिस्ट्रीशीटर भी था।

# बिजली के मीटर पर बवाल, छोटे भाई पर जानलेवा हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भजनपुरा इलाके** में घर में लगे बिजली के मीटर के झगड़े में दो बड़े भाइयों ने अपनी पत्नी, साले और अन्य जानकार को घर बुलाया। फिर अपने छोटे भाई के साथ जमकर मारपीट की। बड़े भाई के साले ने पिस्टल के बट से हमला किया। फिर मारपीट के बाद जाते वक्त जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित को पड़ोसियों ने इलाज के लिए जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बयान पर भजनपुरा पुलिस दोनों बड़े भाई, भाभी, उनके साले समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 वर्षीय सरजीत गढ़ी मांडू, भजनपुरा इलाके में अपने परिवार के साथ रहते हैं। ग्राउंड फ्लोर पर वह रहते हैं, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर उनके दो बड़े भाई जगबीर और मनबीर रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनके बीच बिजली के मीटर को लेकर झगड़ा चल रहा है। 11 जनवरी की देर रात सरजीत की अपनी भाभी कविता से कहासुनी हो गई। रात को आरोपी छत पर लगे जाल से होकर उनके घर में घुस गए।

# कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक बेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।





शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीख: 21 जनवरी 2026
समय: 3 से 4 बजे तक
फीस : निःशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वाट्सएप करें

# तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

■ **NBT न्यूज, हापुड़ :** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कोटा हरनाथपुर गांव में किसान को घायल करने वाले तेंदुए का सुराग नहीं लग सका है। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। जानकारी के अनुसार, कोटा हरनाथपुर गांव निवासी विमल बुधवार को दोपहर अपने खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया था।

# महिला से मारपीट में चार पर केस

■ **NBT न्यूज, दादरी:** जारचा में नौ दिन पहले ससुराल पक्ष ने महिला के साथ मारपीट की। सूचना पर महिला के पिता व भाई समझाने के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

परिजनों ने पति समेत चार पर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी। एसीपी-2 ग्रेनो, प्रशाली गंगवार ने बताया कि 14 जनवरी को जारचा पुलिस को शिकायत मिली थी।


# प्रॉपर्टी डीलर के परिवार को बंधक बना धमकाया

■ NBT रिपोर्ट,नई दिल्ली

**कृष्णा नगर** इलाके में मकोका (MCOCA) के तहत जेल में बंद गैंगस्टर रूबल और उसके साथी गौरव पाल के गुर्गों का आतंक सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर के घर में घुसकर उनके परिवार को बंधक बनाया और घर खाली न करने पर जान से मारने की धमकी दी। उनके लौटने और डीसीपी से गुहार लगाने के बाद, 13 जनवरी को कृष्णा नगर पुलिस ने बीएनएस (BNS) की धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**हथियार लहराते हुए घर में घुसे बदमाश:** पुलिस के अनुसार, पीड़ित प्रॉपर्टी डीलिंग और मनी एक्सचेंज का काम करते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 5 नवंबर 2025 को जब वह देश से बाहर थे, तब तीन-चार हथियारबंद बदमाश उनके घर में घुस आए। घर में उस वक्त पीड़ित की मां और अन्य सदस्य मौजूद थे। बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर गाली-गलौज की और पीड़ित के बारे में पूछताछ की।

**जेल से भेजा गया संदेश:** बदमाशों ने डराते हुए कहा कि उन्हें जेल में बंद रूबल और गौरव पाल ने भेजा है।


AI image

### कौन है रूबल?

पिछले साल सितंबर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पंजाब से 'राशिद केबल गिरोह' के सरगना रूबल को गिरफ्तार किया था। उस पर मकोका समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल इस वारदात के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है।

thsti | BRIC
ब्रिक–ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद का एक संस्थान, भारत सरकार)
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद–गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स नंबर 04, फरीदाबाद – 121001
भर्ती सूचना सं. टीएचएस–सी/आरएन/02/2026
विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.thsti.res.in पर जाएं।

**SAHAKAR TAXI COOPERATIVE LIMITED**
**O/O National Cooperative Development Corporation, 4 Siri Institutional Area, Hauz Khas, New Delhi-110016**

Sahakar Taxi Cooperative Limited is under the process of commencing mobility services pan India. For smooth functioning and its operations, it invites applications for the following positions from experienced professionals to give our business a new way.

1. Assistant Manager (Operations) – 3 Posts (Mumbai, Pune & Nagpur)
2. Assistant Manager (Marketing) – 1 Post (New Delhi)
3. Executive (Operations) – 3 Posts (Ahmedabad, Surat & Rajkot)

The complete details of educational qualifications, experience, and eligibility criteria is available on website: www.bharattaxiapp.com.

Last date of receiving applications is 25th January 2026.

Interested and eligible candidates may kindly apply in the format (Available on website) with all supporting documents (qualification, experience & other important documents) at our email: hr@bharattaxiapp.com.







# ANAND RATHI SHARE AND STOCK BROKERS LIMITED

**Registered and Corporate Office:** Express Zone, A Wing, 10th Floor, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra, India
CIN: L67120MH1991PLC064106 | Website: www.anandrathi.com | Email: secretarial@rathi.com

YoY REVENUE 21.5% ↑ | YoY EBITDA 31.5% ↑ | YoY PAT 71.8% ↑

## EXTRACT OF THE STATEMENT OF THE UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

(In Rs. Millions, except earnings per share)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 30-Sep-2025 (Unaudited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Mar-2025 (Audited) |
| I | Total revenue from operations | 2,481.99 | 2,272.02 | 2,043.55 | 6,765.07 | 6,460.74 | 8,456.98 |
| II | Profit before tax | 497.57 | 375.33 | 286.85 | 1,177.88 | 1,147.64 | 1,403.78 |
| III | Profit for the period | 370.04 | 279.01 | 215.43 | 877.19 | 852.01 | 1,036.06 |
| IV | Total comprehensive income for the period | 371.89 | 282.18 | 211.75 | 883.78 | 839.65 | 1,021.57 |
| V | Equity Share Capital | 313.63 | 313.63 | 221.78 | 313.63 | 221.78 | 221.78 |
| VI | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | NA | NA | NA | NA | NA | 4,815.79 |
| VII | Basic EPS* | 7.54 | 6.27 | 4.86 | 17.87 | 19.21 | 23.36 |
| VIII | Diluted EPS* | 7.29 | 6.05 | 4.67 | 17.29 | 18.46 | 22.46 |

*EPS for the stub periods have not been annualised

## EXTRACT OF THE STATEMENT OF THE UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

(In Rs. Millions, except earnings per share)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 30-Sep-2025 (Unaudited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Mar-2025 (Audited) |
| I | Total revenue from operations | 2,481.02 | 2,270.85 | 2,035.42 | 6,762.04 | 6,445.13 | 8,435.74 |
| II | Profit before tax | 506.26 | 382.19 | 284.33 | 1,198.99 | 1,147.31 | 1,405.92 |
| III | Profit for the period | 378.73 | 285.87 | 212.91 | 898.30 | 851.68 | 1,038.20 |
| IV | Total comprehensive income for the period | 380.14 | 287.28 | 208.49 | 902.51 | 838.42 | 1,022.66 |
| V | Equity Share Capital | 313.63 | 313.63 | 221.78 | 313.63 | 221.78 | 221.78 |
| VI | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | NA | NA | NA | NA | NA | 4,843.51 |
| VII | Basic EPS* | 7.71 | 6.43 | 4.80 | 18.19 | 19.20 | 23.41 |
| VIII | Diluted EPS* | 7.47 | 6.20 | 4.61 | 17.71 | 18.45 | 22.51 |

*EPS for the stub periods have not been annualised

Notes:

The above are extracts of the detailed format of unaudited (consolidated and standalone) financial results for the quarter and the nine months period ended December 31, 2025, which have been reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on January 14, 2026, subjected to review by the statutory auditors, and filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the aforesaid financial results are available on the websites of the Stock Exchanges (i.e., www.bseindia.com and www.nseindia.com) and also on the website of the Company (www.anandrathi.com).

The same can also be accessed by scanning the following Quick Response (QR) Code from compatible devices:

For ANAND RATHI SHARE AND STOCK BROKERS LIMITED
Sd/-
Pradeep Gupta
Chairman and Managing Director
DIN: 00040117

Date: January 16, 2026
Place: Mumbai

**Thank You!**
Today, we take this opportunity to Thank all our Clients, Investors and our Employees for being a part of our success journey.

www.anandrathi.com ANANDRATHI



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in